रोहतक
रविवार, 20 अक्टूबर, 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 265
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 37.3
न्यून. 20.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




RERA REGISTRATION NO.: RAJ/P/2020/1354
https://rera.rajasthan.gov.in/

# CM JAN AWAS YOJANA

## AFFORDABLE RESIDENTIAL PLOTTING SCHEME

(Under Chief Minister Jan Awas Yojana 2015, Govt. Of Rajasthan)

## INVITE APPLICATIONS FOR FREEHOLD RESIDENTIAL PLOTS

CC RECEIVED & IMMEDIATE REGISTRY

## NCR-BHIWADI

**Pay Rs. 21,000/- for Registration**

Amount is Refundable in case of non Allocation

Floor Wise Registry Allowed

**33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित है**
**पंजीकरण के लिए मात्र 51 प्लॉट ही उपलब्ध है**

## IMPORTANT DATES

Loan available from all leading banks*

**Today is the Last Day to Apply**
Register before scheme ends

**Plot Allotment Date 21st October 2024**




## 51 PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION ON 60 METER ROAD FACING GATED TOWNSHIP

## FAMILIES ALREADY RESIDING IN PHASE -1 OF THIS PROJECT

| No. of Units | Plot Area | Rate Per Sq Yd (Rs.) | Registration Amount (Rs.) | 9% On Allotment (Including Registration Amount) (Rs.) | 16% After BBA (Rs.) | 25% within 60 Days From Allotment (Rs.) | 50% within 90 Days From Allotment (Rs.) | Total Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 52.62 Sq.Yd. (43.99 Sq.Mt.) | 15,000/- | 21,000/- | 50,037/- | 1,26,288/- | 1,97,325/- | 3,94,650/- | 7,89,300/- |
| 11 | 72.36 Sq.Yd. (60.50 Sq.Mt.) | 15,000/- | 21,000/- | 76,686/- | 1,73,664/- | 2,71,350/- | 5,42,700/- | 10,85,400/- |
| 29 | 143.52 Sq.Yd. (120 Sq.Mt.) | 15,000/- | 21,000/- | 1,72,752/- | 3,44,448/- | 5,38,200/- | 10,76,400/- | 21,52,800/- |

#Any other charges/ taxes levied by the Govt. will be charged as per Extra.

**NEARBY LOCATION :** Proposed Green Field Airport | Proposed RRTS/ Neo Metro | Tijara Jain Temple

## Advantages

- 60 Acres Gated Township
- On Bhiwadi-Alwar Expressway
- Fully Habitable Township with families already residing
- Delhi Police Commando Training Academy within 1km range
- Delhi NCR Biggest Industrial Hub
- 3000 functional Industries in close vicinity
- Hospital & School inside the society
- Clubhouse with 31 amenities

## Amenities

Gated Community | Primary School | Club House | Power Backup | Nursing Home | Swimming Pool | Fresh Water Supply | 3-Tier Security | Playgrounds | Temple

**For Online Registration**
**www.cmjanawasyojana.org**
**Call 7070-6262-79**

SCAN TO REGISTER

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में ग्राइंडर से महिला का गला कटा

**फरीदाबाद।** आईएमटी इलाके में स्थित फाइन टर्म नामक कंपनी में शनिवार एक महिला की मशीन की चपेट में आने से गला काटने से दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पीड़ित के बेटे मोनू विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी मां राजकुमारी विश्वकर्मा पिछले कई महीने से आइएमटी स्थित फाइन टर्म नामक कंपनी में काम करती थी। उसकी मां ने उसे बताया था कि कंपनी में लोहे का काम होता है और जबरन उससे ग्राइंडर चलाने के लिए मशीन पर बैठाया जाता है और उससे जबरन ग्राइंडर चलाया जाता है। मोनू के मुताबिक आज उसकी मां के साथ ग्राइंडर चलाते समय ही कोई घटना घटी, इसके चलते उसकी मां का गला कटा।

### अतिक्रमण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**गुरुग्राम।** सड़कों, फुटपाथों व बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा गठित जोनवाईज इनफोर्समैंट टीमें अपने-अपने क्षेत्र में लगातार कार्रवाई कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान रेहड़ी-पटरी, फड़ी, टीनशेड नुमा स्ट्रक्चरों, खोखों सहित अन्य प्रकार के अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।इसी कड़ी में सहायक अभियंता कृष्ण कुमार की टीमों ने शनिवार को जोन-3 व जोन-4 क्षेत्रों में अतिक्रमण विरुद्ध अभियान चलाया। टीमों ने एक ओर जहां सेक्टर-27/28 रोड़ पर कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर सोहना रोड व आसपास के क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाया।

### कोटे से डीएससी समाज में खुशी की लहर

**फरीदाबाद।** एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए हरियाणा की नायब सैनी सरकार द्वारा एससी-एसटी में उपवर्गीकरण के फैसले पर एनएच-5 स्थित सृष्टिकर्ता वाल्मीकि अनन्त आधस मंदिर में डीएससी समाज के लोगों ने खुशी मनाई। पूर्व सरपंच संजीव कुमार ने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी और केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए दिल से आभार व्यक्त करते है।

### सोनीपत में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर गांव हरसाना के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना राजकीय रेलवे पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।थाना प्रभारी महावीर ने बताया कि उन्हें गांव हरसाना के पास रेलवे लाइन के पास शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची।

# देश में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध सर्वप्रथम महर्षि दयानन्द ने किया शंखनाद : बागड़े

## नेता जी ने महर्षि दयानन्द को आधुनिक भारत के निर्माता बताया था : राज्यपाल हरिभाऊ

**अजमेर।** महर्षि दयानन्द सरस्वती को श्रद्धांजलि प्रदान करने की सार्थकता तभी है जब हम महर्षि के चिन्तन के अनुसार आधुनिक भारत का निर्माण करें। उक्त विचार राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शनिवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित ऋषि उद्यान मेले में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध सर्वप्रथम महर्षि दयानन्द ने ही शंखनाद किया था और अंधविश्वास तथा छुआछूत पर प्रहार किया था। महामहिम ने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस ने महर्षि दयानन्द को आधुनिक भारत का निर्माता बताया था।

■ स्वदेशी की धारणा को प्रखर रूप से स्थापित करने वाले थे महर्षि : छिकारा

अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने वेदज्ञान का प्रचार व समाज उपकार करने के लिए परोपकारिणी सभा का निर्माण किया था और उसे अपनी उत्तराधिकारिणी बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत में जितना तत्त्वज्ञान था, उतना विश्व के किसी भी देश में नहीं था। बख्तयार खिलजी आदि आक्रांताओं ने हमारे नालन्दा आदि कई विश्वविद्यालयों और लाखों ग्रन्थों को जलाकर नष्ट किया था। बागड़े ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की बात का समर्थन करते हुए कहा कि रसायन व विषयुक्त खेती से आज कैंसर और कई रोग तेजी से बढ़ रहे हैं इसलिए गो आधारित प्राकृतिक कृषि ही हितकारी है। इस अवसर पर परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि ने कहा कि आर्य समाज की प्रेरणा से स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल शिक्षा प्रारंभ की जिसके परिणाम स्वरूप आज देश में अनेक गुरुकुल संचालित है और विद्यार्थी वैदिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा के सूचना आयुक्त कुलवीर छिकारा ने कहा कि अनेक ऋषि हुए हैं, महर्षि हुए हैं लेकिन समाज सुधारक केवल महर्षि दयानंद हुए हैं। उनका चिंतन, उनके सिद्धांत, इस मायने में विशेष रूप से मुझे अपील करते हैं कि उनकी चीज साधारण दिखते हुए भी बहुत असाधारण थी।



### महर्षि दयानन्द की वस्तुओं की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

ऋषि मेले के अन्तर्गत सरस्वती भवन में आयोजित महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा काम में ली जाने वाली वस्तुओं व चित्रों की प्रदर्शनी दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी में महर्षि द्वारा लंदन से खरीदी प्रिन्टिंग मशीन, उदयपुर नरेश व शाहपुरा नरेश द्वारा महर्षि दयानन्द को विदाई के समय भेंट किया गया शॉल, स्वामी जी द्वारा लिखी गई पुस्तकें, उनके द्वारा प्रयोग की गई वस्तुएं जिसमें ताम्र कमंडल, तुम्बा, रेत घड़ी, तराजू, पलड़े, उस्तरा, चिमटी, हस्ताक्षर की मोहर, आचमन पत्रा, दवात, चाकू, हिसाब की बही, सूची पत्र, यज्ञ के विविध कास्ट पत्र इत्यादि प्रदर्शित किए गए हैं।

**500 आर्यवीरों व वीरांगनाओं ने किया व्यायाम प्रदर्शन :** कार्यक्रम में 500 आर्यवीरों व वीरांगनाओं ने भव्य व्यायाम प्रदर्शन किया। आर्यवीर दल के जिला संचालक विश्वास पारीक के निर्देशन में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से आए आर्यवीरों ने सर्वाङ्ग सुंदर व्यायाम, जूडो कराटे, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार का संगीतमय प्रदर्शन किया।

# एक्शन में नायब के मंत्री बिना विभाग फील्ड में उतरे

## अनिल विज, राव नरबीर, रणबीर गंगवा, राज्यमंत्री नागर सहित अन्य मंत्रियों ने जिलों में ली अधिकारियों की बैठक

### यहां वहीं अधिकारी रहेगा जो काम करेगा : अनिल विज



**अंबाला।** कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी सरकार बन गई है। अब सबसे पहले नागरिक अस्पताल के बाहर लगे एस्कलेटर का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियो को चेतावनी देते हुए कहा कि यहां पर वही अधिकारी रहेगा जो काम करेगा। विज शनिवार को मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। वे अपने चिरपरिचित अंदाज में सदर बाजार के टी प्वाइंट पर पहुंचे। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने लोगो को लड्डू बांटकर अपनी ख़ुशी जाहिर की। विज ने कहा कि हमने तो चुनाव खत्म होते ही जो भी विकास कार्य चल रहे है उसका मुआयना करना शुरू कर दिया। अधिकारियों को आदेश दिए कि तेज गति से कार्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यहां पर वही अधिकारी रहेगा जो इस नारे के अनुकूल चलेगा। उन्होंने कहा कि पराली जलाने का केस सुप्रीमकोर्ट मे चल रहा है। ताजे आदेश के आधार पर ही काम किया जाएगा। सुरजेवाला के आंदोलन करने के बयान पर विज ने कहा कि करो अब पांच साल तक तुमने यही करना है क्योंकि जनता ने तो तुम्हे नकार दिया, जब तुम्हे जनता की जरुरत थी तब तो जनता तुम्हारे साथ आई नहीं। जबकि तुमने (विपक्ष) कहा कि एंटी इनकंबेसी है। बापू-बेटा हर रोज मुख्यमंत्री बनाकर सोते थे तब लोगों ने तुम्हे नकार दिया था। उन्होंने कहा कि जो हालत कांग्रेस की हुई है उससे लगता है कि कांग्रेस की दुकान बंद होने वाली है। विज ने कहा कि विपक्ष लोगों की नब्ज ही नहीं पता जबकि मैंने हर मीडिया मंच मे छाती ठोककर कह रहा था कि तीसरी बार भी भाजपा की ही सरकार बिना किसी के सहयोग से बनेगी।

### गुरुग्राम को स्वच्छ शहर बनाना हमारी प्राथमिकता : राव नरबीर




गुरुग्राम। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता है। शहर को पॉलीथिन-अतिक्रमण व जाम मुक्त शहर के एजेंडे पर हमें आगे बढ़ना होगा। नरबीर सिंह शनिवार को गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राव नरबीर सिंह हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ग्रहण करने के उपरांत पहली बार गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में गुरुग्राम शहर के विकास को लेकर अपना विजन और एजेंडा रखते हुए कहा कि सभी अधिकारी दीवाली तक गुरुग्राम शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कार्य करें। गुरुग्राम शहर की सड़कों व जलभराव को लेकर उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण या मरम्मत से पहले ड्रेनेज सिस्टम की सफाई की जाए। उसके उपरांत फुटपाथ सही किए जाए तथा इसके बाद सड़कों का सुधारीकरण किया जाए। जब तक सड़कों पर पानी की निकासी का सिस्टम दुरुस्त नहीं होता तब तक किसी प्रकार का सुधारीकरण न किया जाए। इस कार्य में संबंधित एरिया की आरडब्ल्यूए से भी लिखित में संतुष्टि पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गुरुग्राम को उसकी वैश्विक छवि के अनुरूप सुंदर व सुव्यवस्थित शहर बनाया जाए। ऐसे में वे अधिकारी जिनके पास दो स्थानों का चार्ज है वे दीवाली से पहले एक जगह का चार्ज छोड़ दें ताकि गुरुग्राम में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कचरा एकत्रित करना, सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण की समीक्षा की।

### पारदर्शिता से नौकरी देकर दिया दिवाली का तोहफा : गंगवा

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि बिना खर्ची, बिना पर्ची के योग्य युवाओं को रोजगार देकर भाजपा सरकार ने हजारों परिवारों को दिवाली का नायाब तोहफा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी जुबान के धनी हैं, जिन्होंने सीएम बनते ही पहली कलम से करीब 25 हजार युवाओं को नौकरी दी है, उसी प्रकार जनता के साथ किए गए एक एक वायदे को पूरा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को हिसार के बरवाला में किसान रेस्ट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को और कैथल में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार सेवा, सुशासन, समानता, समृद्धि और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### लोगों के उत्थान और विकास को गति देंगे : राजेश नागर

चंडीगढ़। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक विजन के साथ हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने का काम किया जाएगा और हरियाणा सभी राज्यों में अग्रणीय हो, इस दिशा में कार्य किए जाएंगे। राज्यमंत्री राजेश नागर किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार बनी है। पूर्ण बहुमत के साथ लोगों ने अपना प्यार व स्नेह दिया है। जिसके लिए प्रदेशवासियों का वह दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार ग्रहण करने से पहले अपने वायदे को पूरा करते हुए 25 हजार युवाओं को नौकरी दी है। युवाओं का सपना साकार हुआ है, बिना खर्ची-पर्ची के योग्य पात्रों को नौकरी मिली है। जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जायेंगे।

# कैप्टन का इस्तीफा नहीं हुआ स्वीकार, कल दिल्ली में अगली रणनीति का करेंगे खुलासा

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



■ भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर लगाया विराम, सोमवार को करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्राथमिक सदस्यता से तीन दिन पूर्व इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का इस्तीफा अभी तक मंजूर नहीं हुआ है। इसी बीच कैप्टन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से लगातार पार्टी हाईकमान की कार्यशैली से सवाल उठा रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद वह सोशल हैंडल एक्स पर चार बार पोस्ट डाल चुके हैं। कैप्टन ने शनिवार को 'हरिभूमि' से बातचीत में उनके भाजपा में शामिल होने की तमाम अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही उन्होंने अपनी अगली रणनीति का खुलासा 21 अक्टूबर को दिल्ली प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस में करने की बात कही है। पद और पार्टी की सदस्यता का खुलासा खुद कैप्टन ने 'एक्स' पर किया था। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा था, जो अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफा दिए जाने के बाद कैप्टन कांग्रेस नेतृत्व पर लगातार हमलावर हो रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं 1988 में कांग्रेस में शामिल हुआ था। तब पार्टी नेताओं से उचित संवाद था। यह राजीव गांधी और सोनिया गांधी तक बना रहा। हाल ही में राहुल गांधी के इर्द-गिर्द चापलूसों के एक गुट ने घेरा बना लिया है, जिस कारण पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनसे दूरी बना ली है।' एक और पोस्ट पर कैप्टन ने लिख है, 'मैं स्वाभिमान में विश्वास रखता हूं, क्योंकि पद पर रहना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि आप बिना किसी बाधा के पार्टी के लिए कितना कुछ कर सकते हैं।' कैप्टन के इस्तीफा दिए जाने के बाद इस बात की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया कि वह भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं, लेकिन कैप्टन ने भाजपा के करीब भी नहीं जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में सोमवार को मीडिया से रूबरू होकर कई बातों का खुलासा करेंगे।

### लोकसभा चुनावों में बढ़ी नाराजगी

लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस में टिकट के लिए आवेदन फार्म भरने की शर्त ने कैप्टन को नाराज कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस की इस नीति को गलत करार दिया था। कैप्टन ने शुरूआती दौर में आवेदन की शर्त पर चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। बाद में जब पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से राज बब्बर का नाम आगे किया, तो कैप्टन ने आवेदन करते हुए टिकट की मांग की थी। पार्टी ने कैप्टन की जगह राज बब्बर को चुनाव मैदान में उतारा था।

### देर से रूठकर जल्दी मान जाना

कैप्टन पहले भी दो मौकों पर कांग्रेस छोड़ने की धमकी देकर भाजपा में जाने की चर्चाओं को जन्म दे चुके हैं। वह इस तरह का निर्णय लेने में जितनी देरी करते हैं, उतनी ही जल्दी मान भी जाते हैं। वह कई बार पूर्व सीएम हुड्डा से छत्तीस का आंकड़ा बनाने के बाद उनकी तारीफों के पुल भी बांध चुके हैं। उनके भाजपा में जाने से पूरी तरह इनकार किए जाने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उनकी इस्तीफा नामंजूर किया जा सकता है।

## सैलजा बोलीं-भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के अंदर कुछ भी ठीक नहीं है। अंदर ही अंदर ज्वालामुखी सा धधक रहा है, जो कभी भी लावा की तरह फूट कर बाहर आ सकता है। अभी तक की गतिविधियों से साफ है कि प्रदेश सरकार के हाथ बंधे ही रहेंगे, जबकि यहां का रिमोट केंद्र की सरकार के पास रहेगा। वहां से जैसा बटन दबेगा, सरकार आगे-पीछे चलती रहेगी। सैलजा ने कहा कि राज्य सरकार के गठन और मंत्रियों को महकमे मिलने में हो रही देरी से साफ है कि मंत्रियों के बीच वर्चस्व और मलाईदार महकमे को लेकर अंदरूनी जंग चल रही है। इसलिए बार-बार दिल्ली दरबार के चक्कर मुख्यमंत्री को लगाने पड़ रहे हैं। सरकार के बीच एक-दूसरे को शह-मात का खेल चल रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले आचार संहिता और अब महकमे वितरण में देरी के कारण प्रदेश भगवान भरोसे है। सरकार में शामिल किसी को भी प्रदेश के लोगों की सुरक्षा की फिक्र तक नहीं है। यही कारण है कि जींद में व्यापारी से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है।

## कांग्रेस के जो नेता हिसाब मांगते घूम रहे थे जनता ने उनका हिसाब कर दिया : बड़ौली

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के जो नेता हिसाब मांगते घूम रहे थे उनका हिसाब हरियाणा की जनता ने चुनाव में कर दिया। अब कांग्रेस के विधायक पूर्व सीएम हुड्डा का भी हिसाब करेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी डबल इंजन की सरकार सेवा, सुशासन, समानता, समृद्धि और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2014 से पहले भाई-भतीजावाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का जो वातावरण बनाया था उसको भाजपा ने पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र पर काम करते हुए गरीब कल्याण की योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाने का काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सरकार संकल्प पत्र को पूरा करने का काम करेगी।



# मंत्रियों की नियुक्ति के बाद अब विधानसभा स्पीकर पर नजरें

## ■ हरविंद्र कल्याण, घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित कई नामों की चर्चा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा की नायब सैनी सरकार में मंत्रिमंडल का गठन भी हो चुका है। मंत्री पद को लेकर नियुक्तियों के बाद अभी एक अहम कुर्सी बची है, वो हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष की, जिस पर भाजपा के सियासी दिग्गजों की नजरें टिकी हुई हैं। अध्यक्ष पद की कुर्सी पर ताजपोशी और विभागों का बंटवारा अभी बाकी है, सीएम दिल्ली में विभागों के बंटवारे को लेकर हाईकमान की मुहर लगवाने गए हैं। कुल मिलाकर अब हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होनी बाकी है। हरियाणा विधानसभा का सत्र वैसे, तो दिवाली के बाद ही बुलाया जाएगा, इस बात के संकेत खुद सीएम ने एक दिन पह ले मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मे दिए था। भरोसमद सूत्रों का कहना है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनकी कैबिनेट सबसे पहले एक दिन का सत्र बुलाकर विधायकों को शपथ आदि की औपचारिकता पूर्ण कराने की तैयारी में हैं। लेकिन जिस दिन भी एक दिवसीय सत्र रखा जाएगा, क्योंकि उसी दिन सदन की कार्यवाही चलाने के लिए प्रोटेम स्पीकर का चयन होगा और प्रोटेम स्पीकर ही सभी विधायकों को शपथ दिलाने का काम होगा। सूत्र बताते हैं कि विधानसभा में सबसे वरिष्ठ विधायकों का नाम प्रोटेम स्पीकर के पद के लिए लिया जा रहा है। इन नामों में रघुबीर कादियान कांग्रेस और अशोक अरोड़ा दोनों नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। दोनों विधायक पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वहीं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण का नाम इस बार सबसे ज्यादा लिया जा रहा है। हालांकि उनके अलावा दूसरा नाम मूलचंद शर्मा का लिया जा रहा है, क्योंकि वे लगातार तीसरी बार जीतकर आए हैं, साथ ही मंत्रीमंडल में स्थान नहीं मिल सका है। मूलचंद शर्मा मनोहर सरकार पार्ट वन और टू दोनों में मंत्री पद पर रह चुके हैं। इसी क्रम में जींद से कृष्ण मिढ़ा का नाम भी इस क्रम में लिया जा रहा है, लगातार विधायक बनकर जीतकर आ रहे मिढ़ा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों ही पदों के लिए आगे आ रहे हैं। ऐसे में प्रोटेम स्पीकर की ओर से सभी विधायकों को शपथ दिलाने के बाद स्पीकर का चयन किया जाएगा। अलावा चर्चा यह भी है कि भाजपा की ओर से घनश्याम दास को चीफ व्हीप भी बनाने के बारे में चर्चा की जा रही है।

■ प्रोटेम स्पीकर के लिए रघुबीर कादियान और अशोक अरोड़ा के नाम सबसे ऊपर

### हरियाणा सचिवालय में लौटी रौनक

नायब सैनी सरकार और मंत्रिमंडल द्वारा कार्यभार संभालने के साथ ही अब कई माह के बाद हरियाणा सचिवालय की रौनक भी लौटने लगी है। कुल मिलाकर आंचार संहिता पहले लोकसभा और बाद में विस की प्रक्रिया के कारण कई माह तक सचिवालय सूना सूना रहा था। वैसे, कैबिनेट में शामिल 13 मंत्रियों को जल्द विभागों का आवंटन करने की तैयारी है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी भी खुद दिल्ली में हाई कमान के नेताओं के साथ मंत्रणा कर विभागों के बंटवारे की तैयारी कर चुके हैं।। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सभी मंत्रियों को उनके विभाग दे दिए जाएंगे। सबसे अधिक निगाहे स्वास्थ्य और गृह जैसे महत्वपूर्ण विभाग पर है, जो कि पिछली सरकार के समय अनिल विज संभाल रहे थे। मंत्रियों को उनके विभागों का आवंटन होने की चर्चा के चलते हरियाणा सचिवालय की चौथी, पांचवी और छठी मंजिल पर कर्मचारियों और स्टाफ की चहल कदमी भी बढ़ चुकी है। चुनाव के दौरान शांत नजर आने वाले सचिवालय में एक बार फिर से रौनक बनी हुई है।

### विसअध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद को लेकर लॉबिंग

विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए करनाल घरौंडा से विधायक हरविंद्र कल्याण का नाम सबसे आगे है। उपाध्यक्ष के लिए यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा प्रबल दावेदार हैं। मूलचंद शर्मा ने भी शुरू की लॉबिंग हरियाणा में 14वीं विधानसभा में अध्यक्ष रहे ज्ञानचंद गुप्ता पंचकूला से चुनाव हार चुके हैं।उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा नायब मंत्रिमंडल में शामिल हो चुके हैं। मंत्री रहे मूलचंद शर्मा इस बार नायब मंत्रिमंडल में जगह नहीं बना पाए हैं। स्पीकर के बाद करनाल जिले की दावेदारी बन रही है, जिले से किसी को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया है। कांग्रेस के सातवीं बार विधायक बने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रघुबीर कादियान को प्रोटेम स्पीकर की जिम्मेदारी दी जा सकती है। डॉ. कादियान 15वीं विधानसभा में सबसे वरिष्ठ विधायक हैं।

### गौतम के हाथ फिर से खाली

भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार में जजपा कोटे से मंत्रीपद के लिए हाथ पैर मारने वाले रामकुमार गौतम के हाथ एक बार फिर से खाली हैं। मंत्रीपद से चूक गौतम और उनका बेटा इस बात से बेहद ही निराश दिखाई दे रहे हैं।

पिछली विधानसभा में नारनौंद से जजपा विधायक रहे रामकुमार गौतम विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पाला बदलते हुए भाजपा में शामिल हो गए थे। गौतम की निगाह मंत्रीपद पर थी, लेकिन इस बार भी मायूसी हाथ लगी। कैबिनेट मंत्री रहे मूलचंद शर्मा पर इस बार फरीदाबाद से विधायक विपुल गोयल भारी पड़ गए, जिन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **श्री नरेश कुमार, पुत्र:** श्री. हुकम सिंह, **पता:** मकान नं. 816 ग्राम हुमायूंपुर, डाकघर हुमायूंपुर जिला रोहतक, **हरियाणा CC No: 1848/18, U/s: 138 Ni Act, पुलिस थाना: बवाना, बाहरी उत्तरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री नरेश कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री नरेश कुमार,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **श्री नरेश कुमार, CC No: 1848/18, U/s: 138 Ni Act, पुलिस थाना: बवाना, बाहरी उत्तरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.12.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डधिकारी –05 (उत्तर)
कोर्ट कमरा नंबर 114 प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13956/ON/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अखिल, पुत्र:** श्री महेंद्र, **पता:** ग्राम – सेवली, थाना – राय सोनीपत, हरियाणा ने मुकदमा **FIR No. 414/2016, U/s 392/395/412/34 IPC, थाना: शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 414/2016, U/s 392/395/412/34 IPC, थाना: शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अखिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री बबरू भान
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश – 03
कमरा नं. 304, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/13545/NW/2024
(Court Matter)

रोहतक
रविवार, 20 अक्टूबर, 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 265
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 37.3
न्यून. 20.2
haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी













*विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर भी चर्चा*

# मंत्रियों को जल्द मिलेंगे पोर्टफोलियो, दिल्ली में हाईकमान के साथ मंथन कर रहे सीएम सैनी

*राव नरबीर, रणबीर गंगवा और गौरव गौतम भी दिल्ली में सीएम से मिले*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में नई सरकार के गठन और सीएम व मंत्रियों के शपथ ग्रहण करने के बाद अब पोर्टफोलियो यानी विभागों के बंटवारे को लेकर मंथन तेज हो गया है। कई मंत्री दिल्ली दरबार के चक्कर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी दिल्ली पहुंचे। उन्होंने पार्टी हाईकमान के नेताओं से मुलाकात की और पोर्टफोलियो के बंटवारे को लेकर मंथन किया। सूत्रों का कहना है कि सोमवार तक विभागों का बंटवारा हो सकता है। वहीं, विभागों के बंटवारे से पहले मंत्रियों ने दिल्ली में डेरा डाल दिया है। राव नरबीर, रणबीर गंगवा और गौरव गौतम ने दिल्ली में सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दो से तीन दिनों में हरियाणा के नए मंत्रियों के बीच विभागों को बंटवारा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में कई नेताओं के साथ की मुलाकात
■
सैनी ने 13 मंत्रियों के साथ ली थी शपथ
■
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी दिल्ली पहुंचे



## प्रधान से मिले नायब

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय मंत्री को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को पटका पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण के पश्चात अपना पदभार ग्रहण करने के उपरांत सैनी का दिल्ली में पहला दौरा है और इस दौरान उन्होंने विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की है।

## कानून मंत्री से चर्चा

सैनी ने केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से भी दिल्ली में की मुलाकात की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने कई अहम विषयों पर विचार विमर्श किया। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच देश-प्रदेश की तरक्की और आम जनमानस के उत्थान के प्रति विकासात्मक विषयों पर विचार विमर्श हुआ, ताकि देश और प्रदेश की विकास की गति को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विजया किशोर एनसीडब्ल्यू की नई अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की नौवीं अध्यक्ष के रूप में नामित किया। अधिसूचना में कहा, एनसीडब्ल्यू अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई नियुक्ति तीन साल तक रहेगी। ब्यूरो

### वाईएसआरसीपी के पूर्व सांसद पर ईडी के छापे

**हैदराबाद।** ईडी ने जमीन हथियाने के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि कुछ दस्तावेज जब्त किए गए हैं। भाषा

### चुनाव से पहले झारखंड के डीजीपी को हटाने का आदेश

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को कार्यवाहक डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ पूर्व के चुनावों में शिकायतों के 'इतिहास' के कारण उन्हें तत्काल पद से हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। भाषा

## 6 दिन में 70 विमानों को धमकियां, लंदन-जर्मनी के आईपी एड्रेस का खुलासा

# बम की धमकी के बाद 30 विमानों की आपात लैंडिंग

एयरलाइन को अब तक **80** करोड़ रुपये का नुकसान

एयरलाइंस के अधिकारी बोले ये धमकियां वित्तीय आतंकवाद

विदेश मंत्रालय ने कहा, धमकियों की जानकारी यूएस से साझा की

**नई दिल्ली/मुंबई (भाषा)।** देश की विभिन्न विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। इसके बाद इन विमानों की आपात लैंडिंग करवाई गई और अलग-अलग एयापोर्ट पर इनकी जांच की गई। हालांकि धमकी की खबर अफवाह निकली। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। एक उड़ान के शौचालय में नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। इन धमकियों की वजह से एयरलाइंस को अब तक 80 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। बता दें कि शुक्रवार को विस्तारा की तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की धमकी मिली थी।

## विस्तारा की 5 फ्लाइट्स को चेतावनी दी गई



### बीसीएएस ने की एयरलाइंस के सीईओ के साथ बैठक

दिल्ली में शनिवार शाम को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने सभी एयरलाइंस के सीईओ के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।

*शनिवार को 30 बम धमकी कॉल्स मिलीं, जिनमें अकासा की 15 फ्लाइट्स, विस्तार की 7, इंडिगो की 5 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 3 फ्लाइट्स शामिल हैं।*

- विस्तारा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी 5 उड़ानों में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिनमें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) व यूके131 (मुंबई से कोलंबो) शामिल हैं। कंपनी प्रवक्ता ने कहा, प्रोटोकॉल पर अमल करते हुए संबंधित प्राधिकारियों को सतर्क किया गया। प्राधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।
- इंडिगो ने बताया कि उसकी चार उड़ानों को धमकी मिली। जिनमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6ई108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि वह मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली उड़ानों से जुड़े घटनाक्रम से वाकिफ है। दिल्ली-जोधपुर उड़ान के संबंध में कहा विमान को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया।

# सफीदों के स्कूल में प्रार्थना सभा में छात्रा को आया चक्कर, मौत

- राजकीय कन्या स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा थी प्रियंका
- डॉक्टर्स बोले, अचानक बीपी लो होने से छात्रा की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों नगर के राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा की प्रार्थना सभा के दौरान चक्कर आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अचानक छात्रा का बीपी लो हो गया और उसकी जान चली गई। स्कूल प्रशासन ने आननफानन में छात्रा को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत का कारण बीपी डाउन होना बताया जा रहा है। छात्रा की पहचान गांव बहादुरपुर निवासी प्रियंका (17) के रूप में हुई है। परिजनों का बेटी की मौत को लेकर रो-रोकर बुरा हाल था।

## गांव से पैदल स्कूल आई थी छात्रा



मृतक छात्रा प्रियंका का फाइल फोटो।

गांव बहादुरपुर निवासी प्रियंका हर रोज की भांति सहेलियों के साथ गांव से पैदल ही सफीदों के राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पढ़ने के लिए आई थी। वह स्कूल की प्रार्थना सभा में भाग ले रही थी कि इस दौरान उसे अचानक चक्कर आ गया और वह वहीं पर गिर गई। उसकी इस हालत को देखकर स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्कूल के प्राचार्य बलजीत सिंह लांबा एवं अन्य स्टाफ उसे तत्काल सफीदों के नागरिक अस्पताल में लेकर आया। जहां पर उसका कुछ देर इलाज चला। इलाज के दौरान उसका बीपी डाउन होता चला गया और उसकी मृत्यू हो गई।

## पहले भी आए चक्कर : प्रचार्य



स्कूल के प्राचार्य बलजीत सिंह लांबा ने बताया कि प्रार्थना सभा के दौरान प्रियंका का बीपी लो हो गया। स्कूल स्टाफ ने उसके हाथ-पैर मसले और उसे नागरिक अस्पताल में लेकर आए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियंका को पहले भी एक-दो बार चक्कर आए हैं, लेकिन उसने कभी भी स्कूल प्रशासन को नहीं बताया।

## पढ़ाई में काफी होशियार थी प्रियंका : पिता



लड़की के पिता विजेंद्र कुमार का कहना है कि प्रियंका का अचानक बीपी नीचे चला गया। इससे पहले भी उसे ऐसा हो जाता था। पिता ने बताया कि प्रियंका पढ़ाई में काफी होशियार थी तथा परिवार में बहुत मिलनसार थी। उसके पांच लड़कियां व एक लड़का है। प्रियंका उनमें तीसरे नंबर की थी।


# पंचकूला में स्कूल बस खाई में गिरी, 14 बच्चे घायल

*ड्राइवर के पैर में फ्रेक्चर हालत गंभीर*

**हादसा**

पंजाब से मोरनी हिल्स में घूमने जा रहे थे
■
घायल बच्चों को चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती किया गया
■
मलेरकोटला पब्लिक स्कूल की बस में आए थे बच्चे

**चंडीगढ़।** पंचकूला में मोरनी के टिक्कर ताल मार्ग पर पंजाब की एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में करीब 14 बच्चे घायल हो गए और ड्राइवर के पैर में फ्रेक्चर आ गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। ड्राइवर की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा उस समय हुआ जब मलेरकोटला पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी।



### ब्रेक फेल होने से हादसा

हादसे का करण ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। हादसा इतनी गंभीर था कि बस कई हिस्सों में टूट गई। उसमें सवार बच्चों को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत के काम में मदद की, घायलों को खाई से निकालकर पंचकूला के नागरिक अस्पताल भेजा गया है। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि बच्चों को भी गहरी चोटें आई हैं। एक गाइड की हालत भी खराब है, जिसको सेक्टर छह से पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है।

# बारूदी सुरंग में विस्फोट से आईटीबीपी के 2 जवान शहीद

**नारायणपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिसमें भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए और जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोडलियर गांव के निकट एक जंगल में यह विस्फोट हुआ, जिसमें आईटीबीपी की 53वीं बटालियन के दो जवान अमर पनवार (36) और के राजेश (36) शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में नारायणपुर जिला पुलिस के दो अन्य जवान घायल हुए हैं।

**छत्तीसगढ़ में वारदात**

पुलिस के दो जवान घायल हुए, सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान तेज किया, 4 अक्टूबर को 38 नक्सली मार गिराए थे

### नक्सल विरोधी अभियान में तैनात थे जवान

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर के ओरछा, मोहंदी और ईरकभट्टी पुलिस शिविर से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) और जिला रिजर्व गार्ड के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए धुरबेड़ा गांव की ओर रवाना किया गया था। दल की वापसी के दौरान शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे एक बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ।

**निर्देश** ईडी ने अपने जांच अधिकारियों के लिए जारी किया सर्कुलर

*अब समन भेजे गए व्यक्ति से तय समय में ही होगी पूछताछ*

# कार्यालय के समय में ही लोगों से पूछताछ करें, इंतजार न करवाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक नया परिपत्र जारी कर अपने अधिकारियों या जांच अधिकारियों (आईओ) को निर्देश दिया है कि वे समन पर बुलाए गए लोगों से 'बेवक्त' पूछताछ न करें और उन्हें कार्यालय में घंटों इंतजार न कराएं। ईडी ने बंबई हाईकोर्ट के एक निर्देश के संबंध में 11 अक्टूबर को यह परिपत्र जारी किया है। दरअसल, बंबई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए संघीय एजेंसी को इस तरह का आदेश जारी करने के संबंध में निर्देश दिया था, क्योंकि व्यक्ति ने अदालत को बताया था कि ईडी ने उसे तलब किया था 'रात भर हिरासत में रखा और पूछताछ की थी।' उच्च न्यायालय ने पाया कि 64 वर्षीय याचिकाकर्ता को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में बुलाया गया था और उन्हें आधी रात के बाद भी इंतजार कराया गया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि बेवक्त व्यक्ति का बयान दर्ज करने पर 'निश्चित रूप से उसकी नींद प्रभावित हुई, जो उसका बुनियादी मानवाधिकार है।'

## ईडी का बंबई हाईकोर्ट के निर्देश के संबंध में फैसला



### इस तरह की कार्यप्रणाली अस्वीकार

अदालत ने कहा कि वह एजेंसी की इस तरह की कार्यप्रणाली को अस्वीकार करती है और एजेंसी को निर्देश दिया कि वह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत समन जारी करने के बाद लोगों के बयान दर्ज करने और समय के संबंध में अपने जांच अधिकारियों को एक परिपत्र या निर्देश जारी करे। ईडी ने इसके बाद अदालत को बताया कि उसने इस संदर्भ में 11 अक्टूबर को एक नया तकनीकी परिपत्र जारी किया है।

- जांच अधिकारी को तय की गई तारीख और समय पर बुलाए गए व्यक्ति से पूछताछ के लिए प्रश्नावली के साथ-साथ दस्तावेजों की प्रतियों के साथ तैयार रहना होगा।
- समन के अनुपालन की तारीख और समय तय करने के दौरान यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिस व्यक्ति को समन भेजा गया है, उसे घंटों इंतजार कराए बिना तय समय व तारीख पर पूछताछ के लिए बुलाया जाए।
- समन किए गए व्यक्ति से जल्द से जल्द या उसी दिन या फिर अगले दिन पूछताछ समाप्त करने की कोशिश करेंगे क्योंकि ऐसे मामलों में आरोपी ऑनलाइन उपकरणों का उपयोग करके उन्हें नष्ट कर सकता है।

# पुंछ में 2 आतंकवादी गिरफ्तार, 3 ग्रेनेड व एक पिस्तौल बरामद

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद की गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स नाम के संगठन से जुड़े हाइब्रिड आंतकी हैं।हाइब्रिड आतंकी आम नागरिकों की तरह ही इलाके में रहते हैं, लेकिन चोरी-छिपे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। जम्मू पुलिस के एडीजीपी आनंद जैन ने कहा कि पूछताछ में पता चला कि दोनों आतंकी ने मंदिर, सेना के ठिकानों और एक अस्पताल पर ग्रेनेड फेंकने की प्लानिंग कर रहे थे।




# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.10.24 से 16.11.24 |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 13.10.24 से 17.11.24 |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 14.10.24 से 02.12.24 |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दो युवक हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान चौटाला रोड से बाइक सवार दो युवकों को 16 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई दलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान डबवाली के चौटाला रोड जा रहे थे। इस दौरान शक के आधार पर युवकों को काबूकर नियमानुसार उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जा से 16 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### स्टोर मालिक के अकाउंट से निकाले 13.89 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शिव कालोनी रादौर निवासी मनोज कुमार के बैंक खाते से एफडी पर लोन लेकर उसके अकाउंट से 13 लाख 89 हजार रुपये निकाल लिए। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अग्रवाल खाद स्टोर के नाम से खाद व बीज की दुकान है।

## सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी एवं डीएलएड की परीक्षाएं

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त, नकल के 12 मामले दर्ज

■ सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी में कुल 11,485 परीक्षार्थी तथा डीएलएड परीक्षा में 648 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक एवं मुक्त विद्यालय) कम्पार्टमेंट ,रि-अपीयर, सीटीपी, अतिरिक्त विषय व अंक सुधार विषय की पूरक तथा डीएलएड प्रथम प्रवेश वर्ष 2023-25 की परीक्षाओं में आज नकल के कुल 12 मामले दर्ज किए गए।

यह जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि आज प्रदेशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की गणित (बेसिक/मानक) विषय की परीक्षा में नकल के 12 मामले दर्ज किए गए। सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की कम्प्यूटर साईंस विषय एवं डीएलएड की परीक्षा नकल रहित संचालित हुई। उन्होंने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष के उड़नदस्ते द्वारा जिला कैथल के परीक्षा केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया जहां अनुचित साधन प्रयोग के 5 मामले दर्ज किए। इसके अतिरिक्त बोर्ड सचिव के उडऩदस्ते द्वारा जिला फरीदाबाद के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां नकल का कोईभी मामला दर्ज नहीं हुआ तथा परीक्षाएं सुचारू रूप से चल रही थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड उप-सचिव (संचालन) के उड़नदसते द्वारा जिला सोनीपत के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों को निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षाएं नकल रहित संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्र रा क वरिष्ठ मावि, सोनीपत-14 पर नियुक्त एक पर्यवेक्षक को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के चलते कार्यभार मुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि नकल पर अकुंश लगाने के गठित किए गए जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ता, कैथल द्वारा 06 तथा नूंह द्वारा 1 नकल का मामला दर्ज किया गया। परीक्षा नकल रहित, शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार को संचालित हुई सेकेंडरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षा में कुल 11,485 परीक्षार्थी तथा डीएलएड परीक्षा में 648 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए।




### प्रदेशभर के 125 केंद्रों पर परीक्षा

प्रदेशभर के 125 परीक्षा केंद्रों पर करीब 58497 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सेकेंडरी (शैक्षिक) परीक्षा में 5417 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 3418 छात्र, 1999 छात्राएं तथा सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) परीक्षा में 7109 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 4719 छात्र, 2390 छात्राएं शामिल हैं। इसी प्रकार सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय) की परीक्षा में 20751 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 12,317 छात्र, 8434 छात्राएं तथा सीनियर सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय) की परीक्षा में 24572 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 16010 छात्र व 8562 छात्राएं शामिल हैं। डीएलएड की परीक्षा में 648 छात्र अध्यापक परीक्षा देंगे, जिसमें 305 छात्र-अध्यापक व 343 छात्र-अध्यापिका शामिल होंगी। ये परीक्षाएं 26 अक्टूबर तक संचालित होगी।

## रविवार से 10 दिवसीय राष्ट्रीय कला और शिल्प उत्सव शुरू

# बहादुरगढ़ में कला का हुनर बिखेरेंगे उज्बेकिस्तान के शिल्पकार

*भारत के पद्मश्री, शिल्पगुरु सहित नेशनल अवॉर्डी भी दिखाएंगे कला*




बहादुरगढ़। पत्रकार वार्ता में उत्सव व प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते नाबार्ड अधिकारी व शिल्पकार। फोटो : हरिभूमि

■ लकड़ी, ब्रास, कांच, कपड़ा, पेंटिंग, मिट्टी, जूट और कागज से बने उत्पाद लोगों को देखने को मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सूरजकुंड मेले की तर्ज पर बहादुरगढ़ में देश और विदेश के हस्तशिल्प कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करने आ रहे हैं। देशभर के 90 से ज्यादा पद्मश्री, शिल्पगुरु और नेशनल अवार्ड विजेताओं के साथ-साथ उज्बेकिस्तान के भी छह हस्तशिल्पी अपनी कला का हुनर बहादुरगढ़ में लोगों को दिखाएंगे।

दरअसल, रुरल अर्बन डेवलपमेंट एसोसएशिन, प्राचीन कारीगर एसोसिएशन की ओर से शहर के सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में 10 दिवसीय नाबार्ड राष्ट्रीय कला और शिल्प उत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 20 अक्टूबर से शुरू होकर यह उत्सव आगामी 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसका शुभारंभ नाबार्ड की सीजेएम निवेदिता तिवारी और झज्जर जिले के डीसी कैप्टन शक्ति सिंह करेंगे। शनिवार को कम्युनिटी सेंटर में इस कार्यक्रम को लेकर आयोजकों की पत्रकार वार्ता हुई। नाबार्ड के अधिकारियों और शिल्पकारों ने बताया कि बहादुरगढ़ में लगातार 10वीं बार इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। एक तरफ जहां लोगों को सिद्धस्त हस्तशिल्प कलाकारों की प्रदर्शनी देखने को मिलेगी तो वहीं दूसरी तरफ नए कलाकारों को भी कला सीखने का मौका मिलने जा रहा है। यहां लकड़ी, ब्रास, कांच, कपड़ा, पेंटिंग, मिट्टी, जूट और कागज से बने उत्पाद लोगों को देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही ग्रामीण आंचल से जुड़े हुए सेल्फ हेल्प ग्रुप भी इस प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। पद्मश्री और शिल्पगुरु सहित कई अवार्डी इसमें भाग ले रहे हैं। सुबह दस से लेकर रात 9 बजे तक यह आयोजन जारी रहेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। नाबार्ड के एजीएम मोहित यादव, डीडीएम अंकित दहिया, डॉ. राजेंद्र जांगड़ा, शिल्पगुरु राजेंद्र प्रसाद बोंदवाल, राष्ट्रपति अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाद व उज्बेकिस्तान के शिल्पकार इस अवसर पर मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र: हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट ने हत्या करने के दोषी महाबीर व फूल सिंह तिगरी खालसा कुरुक्षेत्र को आजीवन कठोर कारावास व 33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। 25 मार्च 2021 को बिट्टू पुत्र राजकुमार वासी तिगरी खालसा कुरुक्षेत्र ने थाना केयूके पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 24 मार्च 2021 को वह अपने परिवार के साथ अपने घर पर था। उसी समय गली में फूल सिंह व उसके लड़के ने लाठी डंडों से हमला कर दिया । जिसमें माता बिमला देवी बीच-बचाव करने के लिए आई तो आरोपियों ने उनके ऊपर भी लाठी डंडों से हमला किया। गंभीर चोट के कारण माता जी की मौत हो गई थी। आरोपियों को काबू कर लिया था तब से मामला विचाराधीन था।

### दो नशा तस्करों को दस-दस वर्ष कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसबीर सिंह की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में दोषी को दस साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने की सूरत में दोषी को दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 23 सितंबर 2019 को मामला दर्ज किया गया था।

# रादौर में पकड़ा 500 कट्टों से भरा यूरिया खाद का ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



कृषि विभाग की टीम ने गांव दामला के पास से यूरिया खाद के 500 कट्टों से भरा ट्रक पकड़ा है। यह ट्रक पंजाब से आ रहा था। मौके पर ट्रक को रोका गया तो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक के मालिक व चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। एसडी उपमंडल कृषि अधिकारी जगाधरी कम फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनको यूरिया खाद की अवैध तस्करी यमुनानगर की प्लाइवुड की फैक्टरी सप्लाई होने की गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने टीम तैयार करके देर रात नाका लगा दिया। रात को लगभग 12 बजकर 10 मिनट पर पंजाब नंबर प्लेट वाला ट्रक रादौर क्षेत्र की सीमा में रोका गया। ट्रक ड्राइवर ने ट्रक में कृषि में इस्तेमाल होने वाले 500 बैग खाद होने की बात कबूल की।

### डबवाली: 12 हजार प्रतिबंधित गोलियां मिलने पर मेडिकल स्टोर सील

**डबवाली।** क्षेत्र में बढ़ते नशे के खिलाफ जिला प्रशासन पूरी तरह से एक्शन में है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला औषधि विभाग ने गांव देसूमलकाना में एक मेडिकल स्टोर को प्रतिबंधित दवाएं बेचने के मामले में कारगर कार्रवाई करते हुए सील कर दिया। अहम बात यह है कि बीते दिवस ही सिरसा के पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर बिकने वाली प्रतिबंद्धित दवाओं को बेचने के बारे में मेडिकल स्टोर संचालकों से अहम बैठक कर उन्हें मेडिकल नशा न बेचने के सिलसिले में कड़े निर्देश जारी किए थे और नशाखोरी को समाप्त करने की दिशा में उनसे सहयोग मांगा था। शनिवार को जिला प्रशासन ने नशे के फैले कारोबार पर चोट करते हुए गांव देसूमलकाना में मेडिकल स्टोर को सील कर नशे के खिलाफ अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

## लिबर्टी परिवार का नाता जुड़ा एमपी के राजनीतिक घराने से

# करनाल की बेटी बनेगी एमपी के पूर्व सीएम के आंगन की रोशनी

■ हरियाणा के दमाद बनेंगे शिवराज के पुत्र कार्तिकेय

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल



केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय हरियाणा के दामाद बनेंगे। कार्तिकेय की शादी देश की जानी-मानी लिबर्टी शूज कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी से होगी। 2 दिन पहले उनकी सगाई हुई थी। बंसल परिवार में अनुपम सबसे छोटे हैं। इनके सबसे बड़े भाई सुनील बंसल है। उनसे छोटे शम्मी बंसल हैं, जो कंपनी के एमडी हैं। तीसरे नंबर पर रमन बंसल और चौथे नंबर पर विवेक बंसल है। पांचवे नंबर पर तथा सबसे छोटे अनुपम बंसल आते हैं। सुनील बंसल,शम्मी और रमन तथा विवेक बंसल करनाल में रहते हैं, जबकि अनुपम दिल्ली में रहते हैं। यह सभी मूल तौर पर करनाल के है। इनके पिता और अमानत के दादा राजकुमार बंसल लिबर्टी के संस्थापकों में से थे।ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं अमानत अमानत बंसल ने हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी में एमएससी की है। उनकी मां रुचिता बंसल कन्फेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया के हरियाणा चैप्टर की फाउंडर हैं। कार्तिकेय और अमानत की सगाई 17 अक्तूबर को दिल्ली के एक होटल में हुई।





मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...

## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

{ कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम }

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



## युवा पीढ़ी समझती है

# वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

{ रिलेशनशिप / डॉ. मोनिका शर्मा }

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी और बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

{ दोहे / केदार शर्मा 'निरीह' }

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

{ लघुकथाएं }

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

**- गोविंद भारद्वाज**



## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'



आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

**-शीला श्रीवास्तव**

{ पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण }

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




पत्रिका: इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), संपादक: संजय कुमार गर्ग, मूल्य: 75 रुपए, प्रकाशक: हिंदी अकादमी, दिल्ली

पर्यटन / समीर चौधरी

# बहुत अनूठे-खूबसूरत हैं मेघालय के लिविंग रूट ब्रिज

सीमेंट, लोहे और कंकरीट से बने पुलों पर तो कई बार आप गुजरे होंगे। लेकिन क्या कभी पेड़ की जड़ों को आपस में जोड़कर बनाए गए प्राकृतिक पुल पर चलने का अनुभव किया है आपने? अगर नहीं तो आप मेघालय में मौजूद ऐसे कई अनूठे लिविंग रूट ब्रिज पर वॉक कर सकते हैं। अपनी ऐसी ही अनोखी-यादगार यात्रा के अनुभवों को लेखक यहां विस्तार से साझा कर रहे हैं अपनी जुबानी।



मेघालय की राजधानी शिलोंग से लगभग 90 किमी. की ड्राइव के बाद मैं मावलिननोंग पहुंचा, जहां से पाडू गांव बस थोड़े से ही फासले पर है। इसी पाडू गांव में पाडू पुल है, जो कि मेघालय का सबसे विख्यात और सुंदर लिविंग रूट ब्रिज है। लिविंग रूट ब्रिज यानी पेड़ की जीवित जड़ों से तैयार किया गया पुल। यह जानकर आप चौंक सकते हैं कि क्या जमीन पर खड़े हुए पेड़ की जड़ों से भी पुल तैयार किया जा सकता है?

## पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

वास्तव में जरूरत आविष्कार की जननी होती है। मेघालय के जमीनी और मौसमी हालात ऐसे हैं कि पेड़ भी खड़े रहें और उनकी जड़ों से पुल बनाकर नदी, नाले, खाई आदि आसानी से पार किए जा सकें। मेघालय में कंक्रीट के सामान्य पुल बनाना कठिन है। हालांकि मेघालय के स्थानीय लोगों ने इन पुलों का निर्माण अपनी यातायात जरूरतों को पूरा करने के लिए किया था और आज भी यह इसी काम आ रहे हैं, लेकिन इनकी विशिष्टता पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई है। इन्हें देखने के लिए दुनिया भर के लाखों पर्यटक हर साल मेघालय आते हैं। अब जब पर्यटक आ रहे हैं तो होटल और लॉज भी खुल रहे हैं और स्थानीय लोगों के लिए आय के नए रास्ते भी बन गए हैं।



यूं तो मेघालय में अनगिनत लिविंग रूट ब्रिज हैं, लेकिन इस राज्य की यात्रा करते हुए मैंने पाया कि इनमें कुछ बहुत खास हैं और वो ही पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पाडू पुल के बारे में मैं आपको बता चुका हूं, जो कि सिंगल-डेकर लिविंग रूट ब्रिज है और विशिष्ट अनुभव प्रदान करता है। अन्य नौ लिविंग रूट पुलों के बारे में बताने से पहले यह जानना दिलचस्प रहेगा कि लिविंग रूट ब्रिज तैयार कैसे किए जाते हैं?

## ऐसे बनाए जाते हैं पुल

लिविंग रूट ब्रिज बनाने के लिए गहन श्रम, संयम और कलात्मक महारत की आवश्यकता होती है। इन्हें देखकर मालूम होता है कि देशज लोगों को प्रकृति की गहरी जानकारी है और उनकी इंजीनियरिंग समझ शानदार है। पेड़ों से जो एरियल रूट्स निकलती हैं, उन्हें ग्रामीण ध्यानपूर्वक पानी की धारा की ओर गाइड कर देते हैं, उन्हें बढ़ने देते हैं और बहुत ही नाप-तोल के साथ उन्हें आपस में बांध देते हैं। कुछ सालों बाद जड़ें परिपक्व और मजबूत पुल संरचना में तब्दील हो जाती हैं। यह लिविंग रूट ब्रिज जीवित जड़ें होती हैं, जो निरंतर बढ़ती रहती हैं और मौजूद नेटवर्क को मजबूत करती रहती हैं। दो रबर फिग पेड़ों को विपरीत किनारों पर लगाकर इन पुलों का निर्माण शुरू होता है। इसके बाद इंतजार किया जाता है कि पेड़ मजबूत हो जाएं। अगले चरण में एरियल रूट्स को गाइड या फिर मोल्ड किया जाता है पानी की धारा में। इस गाइडेंस में बीटल नट के तने, बांस या पत्थर प्रयोग किए जाते हैं। समय के साथ आपस में गुंथी हुई जड़ों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार हो जाता है, जो लोगों के बोझ को बर्दाश्त कर सकता है। एक और तरीके में पानी के ऊपर जड़ों को गाइड करने के लिए, अन्य पेड़ों के खोखले तने इस्तेमाल किए जाते हैं, जब तक कि विपरीत पेड़ों की जड़ें आपस में जुड़ ना जाएं। हालांकि इसके निर्माण के और भी तरीके हैं, लेकिन सभी का उद्देश्य दो विपरीत किनारों पर लगे पेड़ों की जड़ों को आपस में इस तरह से मिलाना होता है कि जड़ें महिला की चोटी के बालों की तरह आपस में गुथ जाएं। पुलों की देखभाल के लिए ग्रामीण सामुदायिक प्रयास करते हैं। जड़ों को नियमित काटना-छांटना होता है ताकि अतिरिक्त ग्रोथ और मरी हुई जड़ों को हटाया जा सके। खराब हिस्से में नई जड़ें गाइड करनी पड़ती हैं।

## कुछ प्रसिद्ध लिविंग रूट ब्रिज

मेघालय में सबसे लंबा लिविंग रूट ब्रिज मवकिरमोट गांव में है, जो कि पूर्वी खासी पहाड़ी जिले में है। इसकी लंबाई 53 मीटर है, जिससे आप इन देशज लोगों के कौशल का अंदाजा लगा सकते हैं। इसे देखते हुए मुझे एहसास हुआ कि किन अजीबो-गरीब तरीकों को अपनाकर इंसान प्रकृति के साथ जीते हैं। यह पुल हरियाली से घिरा हुआ है और आस-पास के लैंडस्केप का शानदार नजारा पेश करता है। उम्शिंग रूट ब्रिज, चेरापूंजी में है। यह डबल-डेकर है, यानी पुल के ऊपर एक और पुल है। दो विपरीत किनारों पर लगे पेड़ों की जड़ों को ऊपर-नीचे दो जगह से जोड़कर दो पुल ऊपर नीचे बनाए गए हैं। शिलोंग से लगभग 85 किमी. पर त्यर्ना गांव है, जहां से ट्रैक करते हुए चेरापूंजी पुल तक पहुंचा जा सकता है। ट्रैक में 3-4 घंटे लगते हैं, लेकिन 3,000 कदम चलते हुए बोरियत नहीं होती क्योंकि प्रकृति की सुंदरता दिल मोह लेती है। मावलिननोंग के ही निकट रिवाई गांव में मावसव पुल है,जो ओवरब्रिज सा प्रतीत होता है। मावलिननोंग एशिया का सबसे साफ-सुथरा गांव है और इसका पुल इसी के नाम से है, जो प्रकृति और मानवीय कारीगरी का खूबसूरत नजारा पेश करताा है। *

### रखें इन बातों का ध्यान

जब आप मेघालय लिविंग रूट ब्रिज देखने जाएं तो कुछ बातों का अवश्य ख्याल रखें। मेघालय में इन पुलों की भरमार हैं, इसलिए आपको जो मार्ग लेना है, उसकी योजना पहले से बना लें। लॉज या गेस्ट हाउस पहले ही बुक करवा लें। स्थानीय गाइड को अवश्य साथ में ले चलें ताकि आप रास्ता ना भटकें। इन तक पहुंचने का ट्रैक बहुत कठिन हो सकता है, इसलिए सही किस्म के जूते पहनें ताकि फिसलने से बच सकें। अपने साथ पानी और स्नैक्स जरूर रखें। स्थानीय परंपराओं का सम्मान करें और अनिश्चित मौसम के लिए तैयार रहें, विशेषकर .अग़र मान्सून में मेघालय जा रहे हैं।




---

आज के दौर में हर युवा अपने करियर में हमेशा आगे रहना चाहता है। जमाने के साथ कदम मिलाकर चलना है तो जरूरी है कि नई तकनीक, नए स्मार्ट एप्स को यूज किया जाए। ऐसे ही कुछ यूजफुल स्मार्ट एप्स के बारे में जानिए।

# आपको बनाएंगे स्मार्ट ये यूजफुल एप्स

टेक्नो टिप्स / कीर्तिशेखर




यह डिजिटल जमाना है। हम सुबह सोकर उठने से रात में सोने तक कई तरह के स्मार्ट डिवाइसेस का इस्तेमाल करते हैं। करियर के क्षेत्र में भी कामयाबी के लिए यह जरूरी हो गया है कि इनका यूज करें।

## इनसाइक्लोपीडिया

अगर आपकी जॉब ऐसी है, जिसमें बार-बार किसी क्षेत्र विशेष में रिसर्च करनी पड़ती है तो आप इस एप के साथ स्थाई रिश्ता बना लीजिए। यह ना सिर्फ तात्कालिक रूप से आपकी मदद करेगा बल्कि नए-नए क्षेत्रों में प्रवेश के लिए भी आपको उत्सुक बनाएगा, जिसका नतीजा होगा आप अपने करियर में ऊंची छलांग लगा सकते हैं, क्योंकि आप अपने क्षेत्र के बारे में जितना गहन शोध कर सकते हैं और जितनी व्यापक जानकारी रख सकते हैं, उतना ही आगे बढ़ने के चांस बनेंगे।



## लिंक्ड इन

आपने अपनी मेहनत से कोई जॉब हासिल कर ली है, यह अच्छी बात है। लेकिन यह कामयाबी का सिर्फ पहला कदम है। अगला कदम यह होना चाहिए कि करियर में एक-एक कर अगले सभी कदम निरंतर आगे बढ़ने चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि कुछ ऐसी डिजिटल दुनिया से नियमित संपर्क बनाकर रखा जाए, जो हमारे करियर के संबंध में सारी महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराए, नए ट्रेंड के बारे में भी बताए और यह भी बताती रहे कि किस तरफ विशेषकर करियर के क्षेत्र में दुनिया जा रही हैं। लिंक्ड इन ऐसा ही एप है। अगर आप अपने करियर में सबसे ऊंचे पायदान की तरफ लगातार बढ़ना चाहते हैं तो आपको लिंक्ड इन के साथ नियमित रिश्ता बनाकर रखना चाहिए। यह एप आपको ना सिर्फ प्रोफेशनली मजबूत बनाता है बल्कि दुनिया भर की सूचनाएं और जानकारियां सामने रखकर आपको महत्वाकांक्षी भी बनाता है। नौकरी की दुनिया के बारे में खासकर अपने क्षेत्र के बारे में लगातार नई से नई बातों को जानने के लिए लिंक्ड इन बड़ा यूजफुल जरिया है।

## रेस्क्यू

यह किसी दुर्घटना के बाद किया जाने वाला रेस्क्यू नहीं है। यह टेक्नोलॉजी की दुनिया का एक एप है, जो मॉडर्न सोच वाले करियर से भी लोगों को दूसरों से आगे रखने के लिए टाइम मैनेजमेंट की गहरी और महत्वपूर्ण सीख देता है। हमने इम्तिहान के दिनों में टाइम मैनेजमेंट के बारे में पढ़ा है और इसके महत्व को समझा भी है। लेकिन याद रखिए, टाइम मैनेजमेंट का महत्व सिर्फ स्टूडेंट लाइफ के दिनों तक ही सीमित नहीं होता है बल्कि पूरी प्रोफेशनल लाइफ में टाइम मैनेजमेंट हमें हमेशा बड़े फायदे देता है। इसलिए अगर आप करियर की दुनिया में कामयाबी हासिल करना चाहते हैं तो इस एक्ट के साथ जरूर जुड़कर रहिए। यह आपको बताएगा कि कैसे आप अपनी बिजी लाइफ में आगे बढ़ने के रास्ते खोज सकते हैं। कैसे अपना कीमती समय बचाकर उसे अपनी कामयाबी की प्रक्रिया में इनवेस्ट कर सकते हैं। आज की डिजिटल व्यस्तता से अगर हमें अनिवार्य रूप से कोई बचाकर रख सकता है तो यह रेस्क्यू जैसे टेक्नो एप ही हैं।



## एवरनोट

अगर आपके पास इनोवेटिव आइडिया हैं और इन्हें आप सुरक्षित नहीं रख पाते तो इस एप का सहारा लीजिए। यह आपके दिलो-दिमाग में पैदा होने वाले आइडियाज को बहुत जल्दी से कैच कर लेता है और उन्हें सुरक्षित रख लेता है। इस एप के जरिए आप वॉयस, एसएमएस, मीटिंग, कांफ्रेंस, इंटरव्यू आदि सभी चीजों को बेहतर ढंग से रिकॉर्ड कर सकते हैं और बाद में इन सबसे नई-नई जानकारियां सीख सकते हैं। यह एप आपको एक ऐसा शेयरिंग प्लेटफॉर्म भी देता है, जहां आप अपने आइडियाज दूसरों के साथ भी शेयर कर सकते हैं और टेस्ट कर सकते हैं कि वो कितने उपयोगी हैं।

इस तरह अगर आप आज के दौर में तेजी से या कहें स्मार्ट तरीके से कामयाबी के रास्ते पे आगे बढ़ना चाहते हैं तो इस दौर के इन एप्स का इस्तेमाल जरूर करें। *

---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

आमतौर पर स्वत: ही उग आने वाला पनीर डोडा सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है। औषधीय गुणों से भरपूर पनीर डोडा के स्वास्थ्य संबंधी फायदों के बारे में आप जरूर जानना चाहेंगे।

# औषधीय गुणों से भरपूर पनीर डोडा

पनीर डोडा (या कहीं-कहीं पनीर डोडी) को भारतीय रेनेट के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम विथैनिया कोएगुलैंस है। यह सोलानेसी/धतूरा परिवार से संबंधित है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अपने आप उग आने वाला यह औषधीय पौधा इन दिनों स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है।

## अब होने लगी है खेती

पहले पनीर डोडा सिर्फ प्राकृतिक रूप से ही उगता था, लेकिन जब से इसका औषधीय इस्तेमाल बढ़ा है, तब से इसकी देश के कई हिस्सों में खेती की जाने लगी है। मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ लोग निजी स्तर पर इसकी खेती कर रहे हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी कुछ किसान इसे उगाने में रुचि दिखा रहे हैं।



## होते हैं कई औषधीय गुण

आयुर्वेद में पनीर डोडा का इस्तेमाल कई तरह की दवाओं के बनाने में किया जाता है। इसका फल स्वाद में मीठा होता है। इसके प्राकृतिक अर्क में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने की जबर्दस्त क्षमता होती है। साथ ही यह अनिद्रा और अस्थमा जैसी समस्याओं से भी निपटने में मददगार है। इसके अलावा पनीर डोडा हमारे पाचनतंत्र को मजबूत बनाता है, हृदय रोग के खतरे को कम करता है, इसके सेवन से हड्डियां मजबूत होती हैं, अच्छी नींद आती है। गलत खानपान और लाइफस्टाइल के कारण जो लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, उनके लिए भी पनीर डोडा बहुत काम का है, क्योंकि यह मोटापे को नियंत्रित करता है। इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो वजन कम करने में मददगार होते हैं। बालों और त्वचा को भी यह स्वस्थ बनाता है।

## मौसमी बीमारियों से बचाए

शुरुआती सर्दियों में जब बार-बार वायरल संक्रमण का खतरा रहता है, उन दिनों में इसका इस्तेमाल हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसके इस्तेमाल से सर्दी-जुकाम और बुखार से बचे रह सकते हैं। इससे गुलाबी सर्दियों में होने वाले अस्थमा अटैक से विशेष तौर पर राहत मिलती है।

## कैसे इस्तेमाल करें

पनीर डोडा के इस्तेमाल का सबसे आसान तरीका यह है कि शाम को 10-12 पनीर डोडा फूलों को पानी में भिगो दें और सुबह उठ कर उस पानी को पी लें। इसके अलावा इसका काढ़ा बनाकर पी सकते हैं। इसके फूलों को सुखा लें, फिर उनका चूर्ण बनाकर सुबह-शाम साफ पानी के साथ इस चूर्ण का एक चम्मच इस्तेमाल भी कर सकते हैं।




## बरतें सावधानी

हालांकि पनीर डोडा, विशेषकर इसके फूल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं, फिर भी इसके ज्यादा इस्तेमाल से बचना चाहिए। इसलिए बगैर पूरी जानकारी के मनमाने ढंग से इसका सेवन करना शारीरिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए बिना किसी अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के इसका इस्तेमाल ना करें वरना इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। इसके ज्यादा या गलत तरीके से इस्तेमाल से उल्टियां, गैस, एसिडिटी, डायरिया, दस्त जैसी समस्या पैदा हो सकती है। गर्भवती महिलाओं को कभी भी बिना डॉक्टर की सलाह अपने आप इसका सेवन नहीं करना चाहिए और अगर किसी गंभीर बीमारी में इसका इस्तेमाल करना हो तो भी आपका इलाज कर रहे डॉक्टर की या आयुर्वेद विशेषज्ञ की राय जरूर लेनी चाहिए। *

---



करवा चौथ विशेष
भावनाएं: टीवी कलाकार

# ताउम्र बना रहे तेरा-मेरा साथ

पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है करवा चौथ का पर्व। सुहागिन स्त्रियां इस दिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। अब तो पति भी अपनी पत्नी के मंगलमय जीवन के लिए व्रत रखने लगे हैं। इतना ही नहीं विभिन्न धर्मावलंबियों और संस्कृति से जुड़े लोग भी यह व्रत रखते हैं। हरिभूमि ने टीवी से जुड़े कुछ आर्टिस्ट कपल्स से पूछा है कि उनके लिए करवा चौथ पर्व का क्या महत्व है, वे इसे कैसे मनाते हैं?

## प्रेम और विश्वास बढ़ाता है यह व्रत
### सई देवधर-शक्ति आनंद

**सई देवधर:** मैं और शक्ति सिर्फ पति-पत्नी नहीं, दोनों एक-दूसरे के बेस्ट फ्रेंड्स भी हैं। शक्ति करवा चौथ का व्रत तो नहीं रखते, लेकिन दिन भर मेरे साथ होते हैं। हमारे साथ पूजा की तैयारी करवाते हैं। शाम को चांद निकलने तक हम कोई फिल्म देखते हैं या लाइट म्यूजिक सुनते हैं, ढेर सारी बातें भी करते हैं। करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार और विश्वास को बढ़ाता है। मैं इस व्रत को बहुत रेलिवेंट मानती हूं। नए दौर में हर दंपती को करवा चौथ का पर्व नई सोच के साथ मनाना चाहिए। पति को पत्नी और पत्नी को पति की प्रोग्रेस में मददगार बनना चाहिए। प्रेम और सम्मान के साथ एक-दूजे का विश्वास जीतकर वैवाहिक रिश्ते को मजबूत करना चाहिए। करवा चौथ, पति-पत्नी के रिश्ते को और अधिक मजबूत बनाता है, उनके प्रेम को बढ़ाता है।



**शक्ति आनंद:** मैं उत्तर भारतीय-पंजाबी एक्टर हूं, जबकि मेरी पत्नी सई देवधर शादी से पहले आधी महाराष्ट्रीयन और आधी बंगाली थी। दरअसल, उनकी मां मराठी और पिता बंगाली थे। हमारा प्रेम विवाह 2005 में हुआ था। सई के यहां करवा चौथ मनाने की परंपरा नहीं है। शादी के बाद सई ने ना सिर्फ करवा चौथ के व्रत को अपनाया बल्कि हर पंजाबी त्योहार, खान-पान, जीवनशैली को भी स्वीकारा। मैं सई के इन गुणों की कद्र करता हूं। करवा चौथ वैवाहिक रिश्ते का आदर करना और उसे प्रेम से निभाने की सीख देता है। हमारी शादी को बीस वर्ष हो चुके हैं, जब रिश्ता गहरा हो जाता तो बिना कुछ कहे बस एक-दूसरे का साथ होना बहुत मायने रखता है। मैं और सई करवा चौथ का दिन साथ में बिताते हैं। सई व्रत रखती है, मैं उसकी हर संभव मदद करता हूं। हौसला बढ़ाए रखता हूं। चंद्रमा की पूजा के बाद मैं उसे पानी पिलाता हूं, उसका व्रत तोड़ता हूं फिर हम साथ बैठकर खाना खाते हैं। जमाना चाहे कितना भी मॉडर्न हो जाए, करवा चौथ के व्रत की महिमा कभी कम नहीं होगी। पति-पत्नी के प्यार का जश्न, अटूट रिश्ते और प्यार का उत्सव है करवा चौथ। यह पर्व एक-दूसरे के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। *

## अपने वैवाहिक रिश्ते पर है नाज वैभवी राऊत-अमित बहल

**वैभवी राऊत:** मेरी और अमित की लव मैरिज है। मैं महाराष्ट्रीयन हूं, अमित पंजाबी। महाराष्ट्रीयन महिलाएं अपने पति के लिए करवा चौथ की तरह जो व्रत रखती हैं, वो है वट सावित्री-व्रत। पंजाबी परिवारों में करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है। मैंने अपनी सगाई के बाद जब अमित से कहा, शादी के बाद मैं वट सावित्री और करवा चौथ दोनों व्रतों को रखना चाहूंगी तो इस पर अमित ने बड़े प्यार से कहा कि करवा चौथ का व्रत रखना या न रखना, इसके लिए तुम पर कोई दबाव नहीं है। शादी के बाद मैंने करवा चौथ का व्रत पूरी आस्था से रखना शुरू किया। इसे रखते हुए मुझे चौबीस वर्ष हो गए। करवा चौथ के दिन मैं लाल रंग की रेशमी साड़ी, गहने पहन कर सजती-संवरती हूं। एक दिन पहले हाथों में मेहंदी लगाती हूं। इस व्रत को करने से पति-पत्नी में प्यार यकीनन बढ़ता है, मेरा यह विश्वास है।



**अमित बहल:** मुझे फख्र है कि वैभवी महाराष्ट्रीयन होकर भी शादी के बाद करवा चौथ का व्रत पूरी आस्था और उत्साह के साथ रखती है। करवा चौथ के दिन मैं भी अपनी पत्नी वैभवी के साथ पूरा दिन निर्जल व्रत तो नहीं रख सकता, लेकिन करवा चौथ की तैयारी में वैभवी की हर तरह से मदद करता हूं। करवा चौथ के एक दिन पहले मैं सरगी का सारा सामान खुद बाजार से लेकर आता हूं। जिसमें फीकी सेवइयां, सुतर फेनी और भी सारी जरूरी चीजें होती हैं। वह जब सुबह साढ़े चार बजे उठती है तो मैं खुद उसे सरगी खिलाता हूं। इसके बाद वो सो जाती है। जब वह उठती है तो स्नान के बाद हम दोनों मंदिर जाते हैं। वैभवी की वजह से मेरे घर में हर महाराष्ट्रीयन त्योहार भी खुशी, उल्लास-उमंग के साथ मनाए जाते हैं। गुड़ी पड़वा और गणपति जैसे उत्सव भी हमारे घर में उसी उल्लास के साथ मनाए जाते हैं, जैसे लोहड़ी और बैसाखी जैसे त्योहार। मुझे अपनी वैभवी और उसके साथ अपने वैवाहिक रिश्ते पर बड़ा नाज है। *

## दोनों रखते हैं एक-दूसरे के लिए व्रत
### दीक्षा सोनलकर-जेसन थाम

**दीक्षा सोनलकर:** मेरा जन्म सिख परिवार में हुआ है। मैंने बचपन से अपने मायके में परिवार की सभी महिलाओं को आस्था, श्रद्धा और भक्ति से करवा चौथ मनाते देखा है। आज मैं भी आस्था और विश्वास के साथ करवा चौथ मनाती हूं। दुनिया चाहे कितनी भी बदल जाए, हमें अपने रीति-रिवाज और परंपराएं नहीं भूलनी चाहिए। हमारे भारतीय समाज में पत्नी का एक विश्वास है कि पति की मंगलकामना के लिए किया गया व्रत जरूर फलित होता है। वैसे मैं और जेसन दोनों एक-दूसरे के लिए व्रत रखते हैं। करवा चौथ की सुबह हम दोनों सरगी लेने के बाद सो जाते हैं। फिर उठने के बाद मैं अपने ननिहाल जाती हूं। अपनी नानी का आशीर्वाद लेती हूं। शाम को मंदिर जाती हूं। रात को चांद देखने के बाद हम व्रत तोड़ते हैं। विधि-विधान से पूजा करते हैं। इसके बाद परिवार के साथ बैठकर सभी भोजन करते हैं। इन लम्हों को हम अपने परिवार का गोल्डन मोमेंट मानते हैं। करवा चौथ का व्रत मुझे बहुत स्पेशल फील कराता है।



**जेसन थाम:** मैं क्रिश्चियन हूं, मेरी पत्नी दीक्षा सिख, लेकिन अपनी पत्नी के प्यार में मैं शादी के बाद करवा चौथ का व्रत रखने लगा। जब दीक्षा मेरी लंबी आयु के लिए करवा चौथ जैसा मुश्किल व्रत रखती है तो मैं भी उसकी खुशी, उसके प्यार के लिए यह व्रत क्यों नहीं रख सकता हूं? कैसे पत्नियां बिना खाए-पिए करवा चौथ का व्रत करती हैं, यह कितना मुश्किल व्रत है, इसका अहसास मुझे तब हुआ, जब मैंने खुद इस व्रत को करना शुरू किया। करवा चौथ का पूरा दिन मैं दीक्षा के साथ ही गुजारता हूं। हम इस दिन को और भी स्पेशल बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। हालांकि करवा चौथ पर मैंने आज तक दीक्षा को कोई महंगा तोहफा नहीं दिया है, लेकिन अब लगने लगा है कि मुझे उसे कुछ खास मेमोरेबल गिफ्ट जरूर देना चाहिए। इस बार मैं उसे एक सॉलिटेयर देना चाहता हूं, लेकिन अभी उसे बताऊंगा नहीं। यह उसके लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा। इसमें कोई दो राय नहीं, करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम को बढ़ाता है। *

प्रस्तुति : पूजा सामंत

# पानी की बोतल, साइकिल पर जीएसटी घटेगा

## २० लीटर पानी की बोतल-साइकिल सस्ती होंगी, जूते, घड़ी हो सकते हैं महंगे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने शनिवार को 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और अभ्यास नोटबुक पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा जीओएम ने महंगी कलाई घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया। बैठक के बाद इन पांच प्रोडक्ट्स पर टैक्स में बदलाव करने के सुझाव पेश किए गए। अधिकारी ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाली जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित जीओएम के इस फैसले से 22,000 करोड़ रुपये का राजस्व लाभ होगा। जीओएम ने 20 लीटर और उससे अधिक मात्रा की पानी की बोतलों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का सुझाव दिया। इसके अलावा अभ्यास नोटबुक पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की गई। इसी तरह 10,000 रुपये से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का सुझाव है। इन सिफारिशों पर अंतिम फैसला जीएसटी परिषद करेगी। जीओएम ने 15,000 रुपये से अधिक कीमत वाले जूतों और 25,000 रुपये से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का भी सुझाव दिया। छह सदस्यीय जीओएम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायर गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल भी शामिल हैं। **साइकिलः** 10,000 रुपये से ज्यादा कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% करने का सुझाव।

**पानी की बोतलः** 20 लीटर की पानी की बोतल पर जीएसटी 18% से घटाकर 5% करने का सुझाव।

एक्सरसाइज नोटबुकः बच्चों के लिए एक्सरसाइज नोटबुक पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% करने का सुझाव।

**रिस्ट वॉचः** 25,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाली हाथ में पहनने वाली घड़ी पर जीएसटी 18% से बढ़ाकर 28% करने का सुझाव।

**जूतेः** 15,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाले जूतों पर जीएसटी 18% से बढ़ाकर 28% करने का सुझाव। 12% टैक्स स्लैब वाली वस्तुओं की दरों की समीक्षा बैठक में 12% टैक्स स्लैब वाली वस्तुओं की दरों में बदलाव पर समीक्षा की गई, जिसमें 100 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स GST में सिर्फ तीन स्लैब का सुझाव दे चुका है। इनमें 5%, 18% और 28% शामिल है। ऐसे में 12% स्लैब को धीरे-धीरे समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है। 1 नवंबर 2023 को गठित हुआ मंत्रियों का यह ग्रुप इस महीने के अंत तक अपनी सिफारिशें GST काउंसिल के सामने पेश कर सकता है। इसके बाद GST काउंसिल नवंबर में होने वाली बैठक में इन सिफारिशों पर विचार कर सकती है।

## सावधि जीवन बीमा प्रीमियम, वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी से मिल सकती है छूट

**नई दिल्ली (भाषा)।** सावधि जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता रहेगा। इस समय सावधि पॉलिसी और 'फैमिली फ्लोटर' पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। एक अधिकारी ने कहा, "जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, "मंत्रिसमूह का हर सदस्य लोगों को राहत देना चाहता है। वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम परिषद को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। अंतिम निर्णय परिषद द्वारा लिया जाएगा। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए भुगतान किए गए बीमा प्रीमियम पर कोई जीएसटी नहीं लग सकता है, भले ही कवरेज राशि कितनी भी हो। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं। मंत्री समूह को अक्टूबर के अंत तक परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था।

## पीएफसी, बीईएमएल ने रक्षा, रेल परिवहन में बुनियादी ढांचा के लिए समझौता किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल और पीएफसी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण और क्रियान्वयन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

ये परियोजनाएं खासकर रक्षा, रेल परिवहन और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों से संबंधित हैं। बीईएमएल ने एक बयान में कहा कि यहां शुक्रवार को बीईएमएल के सीएमडी शांतनु रॉय और पीएफसी के सीएमडी परमिंदर चोपड़ा के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

रॉय ने कहा कि यह साझेदारी भारत के बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्रों का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीतारमण ने मेक्सिको के वित्त मंत्री से आर्थिक संबंधों पर चर्चा की

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मेक्सिको के अपने समकक्ष रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रों तथा परस्पर आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की। मेक्सिको सिटी में बैठक के दौरान सीतारमण ने रामिरेज़ डे ला ओ को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त और सार्वजनिक साख मंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। सीतारमण ने विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों के बाद पिछले छह वर्षों में मेक्सिकन अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की भी सराहना की। सीतारमण ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से भारत और मेक्सिको के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी का प्रस्ताव रखा और इस बात पर जोर दिया कि 'युवा नवीन और प्रभावी समाधान पेश करने में सक्षम हैं और विचारों के इस तरह के आदान-प्रदान से दोनों देशों को मदद मिल सकती है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि उन्होंने बुनियादी ढांचे से संबंधित खर्च के साथ-साथ कारोबारी सुगमता पर भारत के निरंतर ध्यान को भी साझा किया।

## ईएलएंडएन लंदन ने रिलायंस ब्रांड्स के साथ मिलकर भारत में पहला शोरूम खोला

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रमुख वैश्विक लाइफस्टाइल और कैफे ब्रांड ईएलएंडएन लंदन ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जियो वर्ल्ड प्लाजा में रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) के साथ साझेदारी में अपना पहला भारतीय आउटलेट खोला है। संयुक्त बयान के अनुसार, इसके साथ ही ईएलएंडएन लंदन ने भारतीय बाजार में कदम रख दिया है। रिलायंस ब्रांड्स के साथ साझेदारी को लेकर ईएलएंडएन लंदन की संस्थापक एलेक्जेंड्रा मिलर ने कहा, "यह नई अवधारणा हमारी विशिष्ट शैली को एक मजेदार और आकर्षक तरीके से जीवंत करती है। मुंबई कैफे में ईएलएंडएन का विशिष्ट मेनू परोसा जाएगा, जिसमें लोगों की पसंदीदा चीजें जैसे स्मैश्ड एवोकैडो टोस्ट, स्वादिष्ट क्रोइसैन्ट और स्वादिष्ट केक शामिल होंगे, साथ ही भारतीय स्वाद के अनुरूप विशेष स्थानीय व्यंजन भी पेश किए जाएंगे। रिलायंस ब्रांड्स के प्रवक्ता ने कहा, "भारत का विकसित होता भोजन परिदृश्य नए स्वादों, अनुभवों और दृश्य सौंदर्य के लिए लगातार बढ़ती जिज्ञासा से प्रेरित है।"

## राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा वेदांता समूह

भाषा ▶▶| नई दिल्ली




वेदांता समूह राजस्थान में जस्ता और तेल एवं गैस सहित विभिन्न कारोबार में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। वेदांता समूह ने शनिवार को बताया कि उसकी हिंदुस्तान जिंक जस्ता उत्पादन की क्षमता को 12 लाख टन प्रति वर्ष से दोगुना करके 20 लाख टन प्रति वर्ष करने, चांदी की क्षमता को 800 टन से बढ़ाकर 2,000 टन करने तथा 10 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाला उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस क्षमता बढ़ाकर तीन लाख बैरल प्रतिदिन तक करने के लिए 35,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि वेदांता समूह की इकाई सेरेंटिका रिन्यूएबल्स 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, ताकि ऊर्जा रूपांतरण में मदद की जा सके और उच्चतम पर्यावरण मानकों और हरित विनिर्माण को सुनिश्चित किया जा सके। वेदांता ने उदयपुर क्षेत्र के आसपास गैर-लाभकारी आधार पर लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए पांच करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने की भी घोषणा की। वेदांता ने ब्रिटेन में 'राइजिंग राजस्थान रोड शो' में भाग लिया, जिसका नेतृत्व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य के मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने किया। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से मुलाकात की और समूह द्वारा जस्ता, तेल एवं गैस तथा नवीकरणीय ऊर्जा में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर चर्चा की। इससे दो लाख से अधिक रोजगार सृजित करने, विभिन्न क्षेत्रों में 500 से अधिक विपणन उद्योगों को विकसित करने तथा आयात प्रतिस्थापन को समर्थन देने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा, "राजस्थान उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां हाइड्रोकार्बन के अलावा जस्ता, सीसा, चांदी, सोना, तांबा, पोटाश, रॉक फॉस्फेट, संगमरमर, विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर जैसे महत्वपूर्ण खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुण्डलाना**

उपरोक्त विषय बारे आपको लिखा जाता है कि पंचायत समिति, मुण्डलाना की चार दुकानों की बोली दिनांक 25.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे खण्ड कार्यालय मुण्डलाना (जींद रोड) में की जानी है। बोली की शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुण्डलाना (सोनीपत)

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Amit Sheoran**
Civil Judge (Junior Division),
**Satvik Nandal @ Ravinder Kumar S/o Raj Kumar**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRH02-001521-2024
Next Date : 05.11.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.11.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 14.10.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Monika Khanagwal**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Rajbir Singh**
**Vs.**
**State Of Haryana Through Collector**
CNR No. HRJR02-001320-2019
Next Date : 20.01.2025
That pass a decree in favour of the plaintiff and against the defendants
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Def no 5 The Bhiwani Baba Ramdev Seh Shram and Nirman Samiti through Contractor**
:-
**Bhiwani**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.01.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Dr. Monika Khanagwal Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 18.10.2024

**Reminder**
**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Amit Sheoran**
Civil Judge (Junior Division),
**Joginder Singh Ahlawat S/o Late Sh. Raj Singh**
**Vs.**
**Krishna devi wd/o Late Ajit Singh**
CNR No. HRRH02-002117-2019
Next Date : 02.01.2025
It is, therefor, prayed that an order of ejectment from the shop mentioned in para no.1 of the petition.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Suman D/o Ajit Singh**
:-
**H. No. 480/20 Anandpura, Rohtak (Tenant over shop no. 1416 at Delhi Road near Liberty Cinema, Rohtak)**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **02.01.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 03.10.2024

**In the Court of Ms RAVI AMITOZ, CJ(JD)-CUM-JMIC, ROHTAK**
**PUBLICATION NOTICE UNDER ORDER 5 RULE 20 CPC**
BABLI D/O SMT OMPATI W/O VED SINGH AND W/O SANDEEP R/O H.N. 1288/31 KAMLA NAGAR, ROHTAK
VERSUS
KARAN SINGH(NAIB SUBEDAR) S/O AMIR SINGH R/O BALAN ROHTAK, ETC. C5/889/2023
**Peshi: 11-12-2024**
**Publication Issued to:**
Defendent No. 3: RAJENDER KUMAR S/O SUDHA RAM R/O VILL. CHIRIYA, TEH. & DISTT CHARKHI DADRI
Whersas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s) respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 11-12-2024 at 9.30 am.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this 10-10-2024
SEAL OF THE COURT
**Sd/-(RAVIAMITOZ) Civil Judge(Junior Division) ROHTAK**

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Rajni Yadav**
Additonal District and Sessions Judge Rohtak
**Bijender Singh S/o Late Shri Lakhi Ram**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRHO1-008472-2024
Next Date : 19.11.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**Rohtak**
Whersas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s) respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 19.11.2024 at 9.30 am.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this 18-10-2024
Sd/- (Rajni Yadav) Additional District and Sessions Judge Rohtak

## कंपनियों ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 1.25 लाख अवसरों की पेशकश की

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों ने अब तक 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। योजना के लिए बनायी गई वेबसाइट पर 12 अक्टूबर को शाम पांच बजे से उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू हो गया है।




## अभ्युदय जिंदल इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली (भाषा)।** जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल को उद्योग निकाय इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) का अध्यक्ष बनाया गया है। चैंबर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जिंदल ने एनएएफए कैपिटल के प्रबंध निदेशक अमेय प्रभु का स्थान लिया है। प्रभु का आईसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल 18 अक्टूबर को खत्म हो गया था। इस मौके पर जिंदल ने उद्योग जगत के नेताओं और सरकारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, "मेरा लक्ष्य टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं और समावेशी विकास को बढ़ावा देना तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय उद्योगों को सशक्त बनाने वाली नीतियों की वकालत करना है।

## भारत ने अमेरिका के साथ खनिज साझेदारी समझौते की पेशकश की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज साझेदारी समझौते (सीएमपीए) की पेशकश की है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उद्योगों को अमेरिकी बाजार में कुछ लाभ मिलेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत ने इस महीने की शुरुआत में मंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया था। यात्रा के दौरान दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कोबाल्ट, तांबा, लिथियम, निकल और दुर्लभ पृथ्वी जैसे महत्वपूर्ण खनिज पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, "मैंने सुझाव दिया है कि हमारे महत्वपूर्ण खनिजों के समझौता ज्ञापन को महत्वपूर्ण खनिजों की भागीदारी समझौते में बदल दिया जाना चाहिए और इसे मुक्त व्यापार समझौते की ओर बढ़ने के लिए एक प्रारंभिक बिंदु बनाना चाहिए। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि अमेरिकी कांग्रेस किसी भी देश के साथ एफटीए को लेकर बहुत उत्साहित नहीं है। पिछले साल, अमेरिका और जापान ने महत्वपूर्ण खनिजों के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। गोयल ने यह भी कहा कि उनकी यात्रा के दौरान अमेरिकी उद्योग ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने में गहरी रुचि दिखाई।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृष** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मिथुन** — धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क** — कार्यक्षेत्र का विस्तार हो सकता है। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। किसी प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सार्थक परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। वाणी में मधुरता हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। बातचीत से संयत रहें।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। माता को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता हो सकती है। कारोबार पर भी पूर्ण ध्यान दें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मन परेशान भी हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मीन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अनावश्यक तनाव ना लें।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## बिहार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाः नीतीश

**पटना (भाषा)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने मत्स्य पालन और जलीय कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग और प्रदर्शन पर एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार अब दूसरे राज्यों को मछली आपूर्ति कर रहा है। कुमार ने कहा, "2005 में मछली का उत्पादन 2.88 लाख टन था और अब यह बढ़कर 8.73 लाख टन हो गया है। अब बिहार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बन गया है। पहले दूसरे राज्यों से बिहार में मछली आती थी, अब बिहार दूसरे राज्यों को मछली की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने कहा, "2005 से पहले बिहार में विकास कार्यों की स्थिति के बारे में लोग जानते हैं। 2005 से पहले मछली उत्पादन बहुत कम था। जब हम नवंबर 2005 में सत्ता में आए, तो विकास से संबंधित कई नीतियां और कार्यक्रम बनाए गए। कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिए पहला कृषि मसौदा 2008 से 2012 के लिए, दूसरा कृषि मसौदा 2012 से 2017 के लिए, तीसरा कृषि मसौदा 2017 से 2023 के लिए बनाया गया था।

## भारत का सड़क ढांचा अमेरिका से आगे निकल जाएगाः गडकरी

**भोपाल (भाषा)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले समय में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे लॉजिस्टिक लागत को कम कर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने वाले सलाहकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि वे घर बैठे ही यह दस्तावेज तैयार करते हैं।

## शब्द पहेली - 5667




**बाएँ से दाएँ**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -5666 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |



## क्रिकेट : भारतीय टीम की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी

# भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रन का लक्ष्य, सरफराज का पहला टेस्ट शतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। इससे भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रनों का टारगेट दिया। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद आने पर भारतीय टीम ने 54 रन के अंदर अंतिम सात विकेट गंवा दिए। टीम इंडिया की पहली पारी के 46 रन के जवाब में कीवी टीम ने 402 रन बनाए थे। सरफराज ने अपने चौथे टेस्ट में कॅरियर का पहला शतक जड़कर रिकॉर्ड बना दिया। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। क्रीज पर उसके दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कोन्वे मौजूद हैं।



### पहली पारी में शून्य दूसरी में जड़ा शतक

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने शनिवार को अपने टेस्ट कॅरियर का पहला शतक जड़ा। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी शानदार फॉर्म को दूसरी पारी में बरकरार रखा। पहली पारी में सरफराज तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हुए थे। ऐसा 22वीं बार हुआ है जब कोई भारतीय बल्लेबाज किसी टेस्ट की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने के बाद दूसरी पारी में शतक लगाने में सफल रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में गिल ने भी ऐसा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में शून्य और शतक लगाने वाले सरफराज दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2014 में शिखर धवन ऐसा कर चुके हैं।

### 7वें शतक से चूके पंत



ऋषभ पंत और सरफराज खान के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की पार्टनरशिप हुई। पंत अपने टेस्ट करियर का 7वां शतक लगाने के बेहद करीब थे, तभी विलियम ओ'रूर्के की गेंद ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ऋषभ पंत ने 94.29 की स्ट्राइक रेट से 105 गेंदों पर 99 रन बनाए।

### 99 पर आउट विकेटकीपर

| खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| ब्रेंडन मैकुलम | श्रीलंका | 2005 |
| एमएस धोनी | इंग्लैंड | 2012 |
| जॉनी बेयरस्टो | द.अफ्रीका | 2017 |
| ऋषभ पंत | न्यूजीलैंड | 2024 |

### पंत 7वीं बार नर्वस नाइंटीज

| रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| 99 | न्यूजीलैंड | 2024 |
| 93 | बांग्लादेश | 2022 |
| 96 | श्रीलंका | 2022 |
| 91 | इंग्लैंड | 2021 |
| 97 | ऑस्ट्रेलिया | 2021 |
| 92 | वेस्टइंडीज | 2018 |
| 92 | वेस्टइंडीज | 2018 |

### भारत के लिए सेंचुरी

| सेंचुरी | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| पहली | लाला अमरनाथ | 1933 |
| 50वीं | पोली उमरीगर | 1961 |
| 100वीं | सुनील गावस्कर | 1977 |
| 150वीं | सुनील गावस्कर | 1983 |
| 200वीं | अजहरुद्दीन | 1990 |
| 250वीं | सचिन तेंदुलकर | 1998 |
| 300वीं | सचिन तेंदुलकर | 2002 |
| 350वीं | वीवीएस लक्ष्मण | 2007 |
| 400वीं | राहुल द्रविड़ | 2010 |
| 450वीं | अजिंक्य रहाणे | 2015 |
| 500वीं | विराट कोहली | 2018 |
| 550वीं | सरफराज खान | 2024* |

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8 | 1 |
| कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8 | 1 |
| सरफराज का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 | 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउरकी | 99 | 105 | 9 | 5 |
| राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउरकी | 12 | 16 | 2 | 0 |
| जडेजा का यंग बो ओ'राउरकी | 05 | 15 | 1 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 06 | 20 | 0 | 0 |
| बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 00 | 04 | 0 | 0 |
| सिराज का साउथी बो हेनरी | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 99.3 ओवर में 462/10
गेंदबाजी : साउथी 15-2-53-1 , हेनरी 24.3-3-102-3 , ओ'राउरकी 21-4-92-3 , पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0.

# वालाडोलिड ने ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को शुक्रवार को यहां ला लिगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया। अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है। टोनी मार्टिनेज ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर अपने घरेलू मैदान पर अलावेस को बढ़त दिला दी। मामादोउ सयेला ने इसके 11 मिनट के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल कर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। सेलिम अमल्लाह ने 72 मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जिसके बाद अनुर मोहम्मद तुहामी ने सयेला की मदद से गोल कर टीम का दबदबा बना दिया। किके गार्सा ने आखिरी क्षणों में गोल कर अलावेस की वापसी कराने की कोशिश की लेकिन इससे सिर्फ हार का अंतर ही कम हुआ।

## रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक आईएमएल में

**मुंबई।** पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक को शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया। भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने कहा, 'यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि यह लीग एक प्रमुख मंच बना रहे।'

## खबर संक्षेप




### तवांग मैराथन की तैयारियां जोरों पर

**ईटानगर।** भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार की संयुक्त मेजबानी में 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन के दूसरे सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थल पर आयोजित होने वाले इस मैराथन को 'क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह सीमावर्ती शहर तवांग में नागरिक-सैन्य सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

### फाइनल में अंपायरिंग करेंगी परेरा-क्लेयर

**दुबई।** निमाली परेरा और क्लेयर पोलोसाक को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले की अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



दोनों पहली बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगी।एना हैरिस तीसरे अंपायर की भूमिका निभाएंगी जबकि जैकलीन विलियम्स चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। जीएस लक्ष्मी को मैच रैफरी नियुक्त किया गया है।

### किशन की भारत ए टीम में वापसी की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय 'टेस्ट' के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक 'इंट्रा-स्क्वाड' अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं।



# भारत की जूनियर पुरुष टीम ने जापान को 4-2 से हराया

सुल्तान जोहोर कप




एजेंसी ▶▶| जोहोर

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया।

### भारतीय टीम ने दूसरे हॉफ में दागे 3 गोल

मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई। गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया। अंकित पाल ने 47वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर रिबाउंड से यह गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। राकुसी यामानाका ने अंतिम हूटर बजने से तीन मिनट पहले जापान के लिए दूसरा गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

## मौजूदा जिमनास्टों में जुनून की कमी : दीपा



**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज जिमनास्ट दीपा करमाकर ने मौजूदा पीढ़ी के ज्यादातर खिलाड़ियों में जुनून की कमी पर निराशा जातते हुए उनसे वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साह के साथ जिमनास्टिक को अपनाने की सलाह दी। दीपा ने इस महीने की सात तारीख को संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, 'दीपा में जुनून था, प्रणति के साथ भी ऐसा ही है। मैं मौजूदा पीढ़ी में यह जुनून ज्यादा नहीं देख रही हूं।'

## भुल्लर ने बढ़त बनाई एशियाई टूर पर रिकॉर्ड 12वीं जीत के करीब

**बैंकॉक (थाईलैंड)।** (भाषा) भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को यहां ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में बिना बोगी किये 66 का कार्ड खेला जिससे वह अपने 12वें एशियाई टूर खिताब के लिए अच्छी स्थिति में बने हुए हैं। भुल्लर ने पिछले दो दौर में 65 और 66 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर 19 अंडर है जिससे वह अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाये हैं। भुल्लर ने अभी तक तीन दौर में 21 बर्डी लगाई हैं और दो बोगी की हैं। अन्य भारतीयों में खालिन जोशी (73) नौ अंडर से संयुक्त 39वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि करणदीप कोचर (73) संयुक्त 65वें स्थान पर बने हुए हैं।

# एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 10 दिसंबर तक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, 'भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है।' इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

# अय्यर-म्हात्रे का बड़ा शतक, मुंबई ने बनाई विशाल बढ़त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रेयस अय्यर और आयुष म्हात्रे के शतक के दम पर मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के मैच में शनिवार को महाराष्ट्र पर विशाल बढ़त बनाई है। जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 80 रन बनाकर शनिवार को यहां महाराष्ट्र को वापसी का दिलाने का शानदार प्रयास किया लेकिन उनकी टीम मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में अब भी 173 रन से पीछे है। महाराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 142 रन बनाए। स्टंप उखड़ने के समय गायकवाड़ के साथ सचिन धास 59 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले गत विजेता मुंबई ने पहली पारी में 441 रन बनाकर 315 रन की विशाल बढ़त हासिल की थी। उसने महाराष्ट्र को पहली पारी में केवल 126 रन पर आउट कर दिया था। मुंबई की तरफ से 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 176 रन की बड़ी पारी खेली। यह उनका केवल तीसरा प्रथम श्रेणी मैच है। श्रेयस अय्यर ने 190 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 142 रन बनाए।



### सेना की टीम 403 रन पीछे

दिल्ली में खेले जा रहे ग्रुप ए के एक अन्य में से बड़ौदा ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 477 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में सेना की टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 74 रन बनाए थे और इस तरह से उसकी टीम बड़ौदा से 403 रन पीछे है। बड़ौदा की तरफ से शिवालिक शर्मा ने 178 और विष्णु सोलंकी में 125 रन बनाए।

## न्यूजीलैंड -दक्षिण अफ्रीका के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

# महिला विश्व कप में आज मिलेगा नया चैंपियन

एजेंसी ▶▶| दुबई

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। पैतीस वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। तेज गेंदबाज ताहुहू 34 साल की है। उन्होंने वनडे में 112 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं। यह खिलाड़ी विश्व कप ट्रॉफी के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। केर के नाम टूर्नामेंट में अब 12 विकेट है। उन्हें दूसरे छोर से एडेन कारसन (आठ विकेट) , रोसमरी मायर (सात विकेट) और अनुभवी ताहुहू का अच्छा साथ मिला।




### दक्षिण अफ्रीका पिछले बार का उपविजेता

दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है और जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आयी तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भी ऐसा ही नजारा दिखा जब गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों को रोककर कम स्कोर वाले मैच को अपने नाम किया।

# भारत के पांच फुटबॉलर मैनचेस्टर में करेंगे अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल 'यूनाइटेड वी प्ले' के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गए पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इसका समापन चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल गैरी नेविल की उपस्थिति में एक भव्य समापन समारोह में हुआ। इसके फाइनल के बाद पीसी लालचुआनवमा (मिजोरम), श्रीजल किस्कू (भुवनेश्वर), मोहम्मद अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया गया। इन खिलाड़ियों को 'मैनचेस्टर यूनाइटेड सॉकर स्कूल' के कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र और दिग्गज खिलाड़ियों से बातचीत करने का मौका मिलेगा। उन्हें इस दौरान मैचों को देखने और जूनियर टीमों के लिए खेलने का भी मौका मिलेगा।



**भारत और कनाडा के रिश्ते सबसे खराब दौर में है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में भारत पर हत्या में हाथ के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद से दोनों देशों के संबंध खराब होते गए हैं। पीएम ट्रूडो बार बार भारत पर आरोप मढ़ रहे हैं और कोई सबूत नहीं दे रहे हैं। कनाडा के इस रवैये को भारत ने गंभीरता से लिया है व कनाडा को दो टूक संदेश दिया है कि मनगढ़ंत आरोप लगाना बंद करे और भारत में वांछित आतंकियों के खिलाफ एक्शन ले। अनेक मौके पर भारत ने जता दिया है कि भारत में वांछित खलिस्तानी आतंकियों के प्रति कनाडा का ढुलमुल रवैया वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं है, लेकिन कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण ट्रूडो सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। सवाल यह भी है कि घरेलू राजनीति के चलते किसी दूसरे मुल्क पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। भारत व कनाडा के बिगड़ते संबंध का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# भारत-कनाडा के बिगड़ते ताल्लुकात



कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है।**

कनाडा में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के विषय में एक तहकीकात संचालित की जा रही है। विगत वर्ष प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा की पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया गया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है। इस गहन विवाद के कारण ही दोनों देशों के मध्य कूटनीतिक तनाव निरंतर चल रहा है।

## छह राजनयिक मुल्क से निष्कासित

उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा तथा अन्य राजनयिकों पर जून 2023 में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले से संबद्ध होने का संगीन इल्जाम आयाद किया है। भारत और कनाडा के मध्य कूटनीतिक ताल्लुक टूट जाने के कगार तक आ पहुंचे हैं। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो हुकूमत ने कनाडा में तैनात भारत के छह राजनयिकों को अपने मुल्क से निष्कासित करने का निर्णय लिया। कनाडा से निष्कासित किए जाने वाले राजनयिकों में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा भी शामिल हैं। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के इल्ज़ाम को एकदम अस्वीकार करते हुए दावा पेश किया कि उसने खुद ही अपने राजनयिकों को भारत वापस बुला लिया है। इधर भारत सरकार ने भी सख्त जवाबी कार्यवाही करते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को भारत से निकाल दिए जाने का आदेश जारी कर दिया। भारत सरकार द्वारा निष्कासित किए गए राजनयिकों में कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर भी शामिल हैं। स्मरण कीजिए सन् 1980 का दशक जबकि सन 1982 में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार ने दो पुलिस अधिकारियों का पंजाब में कत्ल कर दिया था। कत्ल अंजाम देने के बाद में वह फरार होकर कनाडा पहुंच गया था। उस वक्त कनाडा के प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो थे और भारत में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

इंदिरा गांधी ने पियरे ट्रूडो से गुजारिश की थी कि कनाडा सरकार द्वारा तलविंदर परमार को गिरफ्तार करके भारत को सौंप दिया जाए। दुर्भाग्य से इंदिरा गांधी की गुजारिश को कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने ठुकरा दिया था।



सन् 1985 में एयर इंडिया के विमान कनिष्क ने मांट्रियल से मुंबई के लिए उड़ान भरी और कनिष्क विमान आयरलैंड के समुद्र तट पर बम विस्फोट से विध्वंस हो गया था। इस बम विस्फोट विध्वंस में विमान के 329 यात्री हलाक कर दिए गए। इन विमान यात्रियों में अधिकतर यात्री कनाडा के नागरिक थे। कनिष्क विमान के विध्वंस की तहकीकात के दौरान प्रमुख साजिश कर्ता के रूप में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार का नाम सबसे पहले सामने आया था। तलविंदर परमार बाद में कनाडा से फ़रार होकर जर्मनी भाग गया। सन 1983 में जर्मन पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया। जर्मनी से भारत उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं हो सका और जर्मनी ने तलविंदर परमार को कनाडा को सौंप दिया। कनाडा से फ़रार होकर तलविंदर सिंह आखिरकार पाकिस्तान पहुंच गया।

## कनाडा में आठ लाख सिख नागरिक

26 जनवरी 1982 को खालिस्तान सरगना सुरजन सिंह गिल ने तथाकथित खालिस्तान हुकूमत का एक दफ्तर भी कनाडा में खोला था। दुर्भाग्य से कनाडा सरकार ने तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत को प्रतिबंधित नहीं किया। इस तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत ने पासपोर्ट जारी किए और अपनी करंसी भी जारी की। हालांकि कनाडा में बसने वाले भारतीय मूल के तकरीबन तीस लाख नागरिकों में लगभग आठ लाख सिख नागरिक हैं। इन आठ लाख सिखों का तथाकथित खालिस्तान हुकूमत को कदाचित समर्थन नहीं हासिल हुआ। खालिस्तान सरगनाओं द्वारा बब्बर खालसा और वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना कनाडा में ही अंजाम दी गई थी। दुर्भाग्य से जो ऐतिहासिक गलतियां कनाडा की लिबरल पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने अंजाम दी थी, वैसी ही गंभीर गलतियां आज उनके साहबजादे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी बाकायदा दोहरा रहे हैं।

## सिख यूथ फेडरेशन का समर्थन

इन सभी तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि खालिस्तान समर्थक सरगनाओं को शरण देने का कुकृत्य वस्तुतः कनाडा सरकार सन 1980 के दशक से ही अंजाम देती रही है। सन् 1990 में कनाडा की लिबरल पार्टी को कनाडा की सिख यूथ फेडरेशन द्वारा प्रबल समर्थन प्रदान किया गया। सन् 2006 में लिबरल पार्टी को पराजित करके कंजर्वेटिव पार्टी के स्टीफन हार्पर प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री काल के दौरान कनाडा और भारत के बिगड़ गए संबंधों में स्टीफन हार्पर के शुरुआती कार्यकाल में गुणात्मक सुधार आया। सन् 2007 में खालिस्तानी आतंकवादी सरगना तलविंदर परमार के समर्थकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर परमार को एक हीरो के तौर पर पेश किया गया था। दुर्भाग्य से खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी रैली में कंजर्वेटिव पार्टी और लिबरल पार्टी के लीडर विद्यमान रहे। इसी प्रस्थान बिंदु से भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में फिर से तल्खी आनी शुरू हो गई। सन् 2015 में जस्टिन ट्रूडो प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और उन्होंने अपनी कैबिनेट में चार सिख मंत्रियों को भी शामिल किया क्योंकि उनकी लिबरल पार्टी कनाडा के सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन और सहायता से ही सत्तासीन हुई थी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरजीत सिंह सज्जन को कनाडा का रक्षा मंत्री बनाया। हरजीत सिंह सज्जन वस्तुतः खालिस्तान का सशक्त समर्थक रहा है। इसीलिए पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरजीत सिंह सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था, जबकि वह पंजाब के सरकारी दौरे पर भारत आया था। जी-20 शिखर सम्मेलन में सन 2018 में जस्टिन ट्रूडो हिंदुस्तान के दौरे पर आए थे और स्टेट मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया था।

## खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का उल्लेख

सन् 2018 में कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में पहली बार खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का बाकायदा उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के पेश किए जाने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के लीडरों को यह धमकी दी कि उनको सिखों की किसी भी रैली और सभा में शिरकत नहीं करने दी जाएगी। अगले वर्ष से राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में खालिस्तानी आतंकवाद का कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1979 में दुर्दान्त खालिस्तान सरगना जरनैल सिंह भिंडरावाले की कयादत में पंजाब में पृथकतावादी बगावत का आगाज हुआ था। आखिरकार वर्ष 1993 तक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पंजाब में खालिस्तानी बगावत का संपूर्ण खात्मा कर दिया गया था। किंतु कुछ खालिस्तानी सरगनाओं ने भारत से फरार होकर पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में बकायदा शरण ले ली। कनाडा की सिख आबादी में यकीनन खालिस्तानी बगाव़त के समर्थक राजनीतिक लीडर भी विद्यमान रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी सरगनाओं की निरंतर कोशिश रही है कि पंजाब में फिर से आतंकवाद को पुनर्जन्म दिया जाए और फिर उसका नृशंस विस्तार किया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब में सन् 1979 से प्रारंभ हुए खालिस्तानी आतंकवाद के दौर में सन् 1993 तक तकरीबन 14 वर्षों के दौरान पचास हजार से ज्यादा लोग हलाक़ कर दिए गए थे। आज के दौर में खालिस्तानी सरगना कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और पाकिस्तान में सक्रिय होकर नृशंस ऐतिहासिक दौर को फिर से दोहराने की तैयारी में जुट हुए हैं। वैश्विक आतंकवाद को समाप्त करने की दुहाई देने वाले अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा खुले आम खालिस्तानी आतंकवादियों को प्रश्रय प्रदान कर रहे हैं और प्रोत्साहन दे रहे हैं। भारत द्वारा एक सूची कनाडा की हुकूमत के समक्ष पेश की गई है, जिसके तहत भारत में मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादियों के नाम हैं, जिनको कनाडा में शरण दी गई है। कनाडा सरकार ने इन आतंकवादी सरगनाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही अंजाम नहीं दी है।

## राजनीतिक तुष्टिकरण में जुटी ट्रूडो सरकार

कनाडा में दरअसल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर माह में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। राजनीतिक तुष्टिकरण के मामले में लिबरल और कंजरवेटिव पार्टी के लीडर ही जिम्मेदार रहे हैं। गौरतलब है कि जस्टिन ट्रूडो जब वर्ष 2015 में पहली बार कनाडा के पीएम बने तो उन्होंने मज़ाकिया लहज़े में ये कहा था कि भारत की मोदी सरकार से ज़्यादा उनकी कैबिनेट में सिख मंत्री हैं। उस समय ट्रूडो ने कैबिनेट में चार सिखों को शामिल किया था। ये कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ था। फ़िलहाल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संसद में दिए एक बयान के बाद भारत के साथ कनाडा के रिश्ते गंभीर संकट में पहुंचते दिख रहे हैं। कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में खालिस्तान की वजह से संबंधों में उतार-चढ़ाव पहले भी आते रहे हैं, लेकिन इससे पहले कभी ये इतना आगे नहीं बढ़े थे कि संसद में तनाव का ज़िक्र हो। भारत सरकार लंबे समय से कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों पर कार्रवाई करने के लिए कहती रही है। हालांकि, जब-जब कनाडा के सिखों के बीच ट्रूडो की लोकप्रियता की बात होती है, तो सवाल खालिस्तान समर्थकों पर उनके नरम रुख़ को लेकर भी किए जाते हैं। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार अपने वोट बैंक की राजनीति को ध्यान में रखते हुए खालिस्तान पर नरम है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ये दावा कर चुके हैं।

# एससीओ मंच से भी आतंक पर कड़ा संदेश



दो टूक
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

इजरायल-लेबनान और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संपन्न संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है। सम्मेलन में शामिल भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान और उसके आका चीन को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खतरे तीन बड़ी चुनौतियां हैं जिसके कारण व्यापार और कनेक्टविटी में समस्या उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने एक ईमानदार बातचीत की पहल की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर दोस्ती कमतर पड़ रही है और एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो ऐसे में खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। हर किसी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। गौर करें तो विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने एससीओ के मंच से इशारे-इशारे में ही पाकिस्तान और चीन दोनों को चेता दिया कि वे पड़ोसी होने का धर्म नहीं निभा रहे हैं और इस क्षेत्र में तनाव के लिए मुख्य रूप से वे जिम्मेदार भी हैं।

## चीन की पहल को समर्थन नहीं

विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया। जानना आवश्यक है कि इस परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से से होकर गुजरता है जिसे लेकर भारत की गहरी आपत्ति है। अब भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देश भी चीन के इस प्रोजेक्ट की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इसलिए कि इसमें शामिल अधिकांश देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। भारत के इस विरोध से चीन की खीझ बढ़ गई है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन की मंशा पर पानी फेरकर उसे घुटनों पर ला दिया है। पाकिस्तान की भी कोशिश थी कि एससीओ के जरिए माहौल को अनुकूल बना भारत से वार्ता के जरिए नजदीकियां बढ़ाई जाए। लेकिन विदेशमंत्री ने पाकिस्तान जाने से पहले ही भारत के पुराने रुख कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं चल सकते पर अडिग रहने का फैसला कर लिया था। पाकिस्तान एससीओ की मेजबानी करके बहुत उत्साहित है और अब उसकी कोशिश विश्व बिरादरी में अपनी छवि सुधारने की होगी। लेकिन उसे समझना होगा कि जब तक वह आतंकवाद को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा उसकी छवि सुधरने वाली नहीं है। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि भारत को लेकर पाकिस्तान और चीन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी एससीओ शिखर सम्मेलन से उम्मीद किया जाना चाहिए कि इस सम्मेलन से क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के अलावा आर्थिक विकास को गति देने, व्यापार, निवेश, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विस्तार को नया आयाम मिलेगा। जाहिर है कि यह क्षेत्र एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है



जिसमें भारत की भूमिका का लगातार विस्तार हो रहा है। एससीओ में भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न एससीओ के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला। इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया।

## आधी आबादी का प्रतिनिधित्व

आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं, इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी हैं। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों की भारत से अति निकटता है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

## मिल सकती है स्थायी सदस्यता

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रूस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एकदूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है।

## भारत की भूमिका की सराहना

राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। जिस तरह भारतीय विदेशमंत्री ने इस्लामाबाद सम्मेलन के जरिए अपनी बात को दमखम से रखा और आपसी सहयोग बढ़ाने का मंत्र दिया, उससे दुनिया भर में भारत की भूमिका की सराहना हो रही है।

# अब विश्व में भारत 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं



विदेश नीति
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर कहा जाय कि भारत और कनाडा के आपसी संबंध अब तक सबसे खराब दौर में हैं तो, गलत नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राजनीति दोनों देशों के परस्पर संबंध पर हावी हो रही है। यह पहली बार नहीं जब रिश्ते तल्ख हुए हैं। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो जब कनाडा के पीएम थे, तब भी संबंध खराब हुए थे। भारत के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो अपनी सिख वोट बैंक राजनीति के लिए कनाडा में भारत विरोधी तत्वों, भारत के वांछित अपराधियों और खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर आंख मूंदे हुए हैं। इतना ही नहीं, एक आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारत के हाथ के आरोप ट्रूडो सरकार लगा रही है, जबकि कोई सबूत कनाडा सरकार के पास नहीं है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में एक गुरुद्वारे के पार्किंग एरिया में कुछ नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारत के 26 वांछितों की सूची कनाडा को दी गई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने उस दिशा में कोई काम नहीं किया।

## आतंकवाद वैश्विक खतरा

पचास के दशक के बाद से भारत व कनाडा के मधुर संबंध बने हैं। ऐसे में 21वीं सदी में जहां विश्व के सामने आतंकवाद थ्रेट है, उसमें अगर कनाडा पिक एंड चूज की नीति के तहत भारत विरोधी आतंकी तत्वों के प्रति नागरिकता व मानवाधिकार के बहाने बचना चाहेगा तो इससे ट्रूडो सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देते ही दिखेंगी। अच्छा और बुरा आतंकवाद की नीति के चलते ही पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ा। आज विश्व में पाक की पहचान आतंकवाद को पनाह वाले मुल्क की है। कनाडा भी कुछ उसी राह पर जाता दिख रहा है। हाल के दशक में वैश्विक स्तर पर हुई आतंकी घटनाओं से यूरोप, अमेरिका बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, एशिया सबसे अधिक प्रभावित है। भारत पिछले चार दशक से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। किसी भी देश में आतंकवाद व अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले लोगों व गुटों को अगर दूसरे देश पनाह देते हैं, तो यह वैश्विक अपराध ही है। संयुक्त राष्ट्र भी मानता है कि आज आतंकवाद वैश्विक संकट है, इससे सभी मुल्क मिलकर ही लड़ सकते हैं। कनाडा किसी भी रूप में भारत विरोधी आतंकी व अलगाववादी अभियानों को शह दे, यह भारत को बर्दाश्त नहीं है। इस मुद्दे पर भारत कनाडा से आर-पार की कूटनीतिक लड़ाई भी लड़ सकता है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं है, दुश्मनों के खिलाफ एक्शन लेने वाला मुल्क है और अपनी एकता व अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।

## कनाडा की कारस्तानी

खालिस्तान प्रेम में न सिर्फ कनाडा ने भारतीयों की जान ली है, बल्कि दुनिया के कई नागरिकों की भी जान ली है। 23 जून 1985 को कनिष्क विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों को निशाना बनाया गया। आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगे और इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार का जवाब



माना गया, मगर मानव अधिकारों का ढिंढोरा पीटने वाला कनाडा अब तक इस घटना में न तो किसी आरोपी को सजा दिलवा सका और न ही इसकी जांच पूरी कर सका। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस तरह के आतंकवादी खतरे की चेतावनी कनाडा के तत्कालीन पीएम और जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो को खुद भी दी थी। मगर उन्होंने इस मामले को अनदेखा किया और इसका नतीजा पूरी दुनिया ने देखा।

पंजाब में खालिस्तान को लेकर बढ़ती आतंकवादी घटनाओं का दौर था। कनाडा इसे बढ़ावा दे रहा था। पाकिस्तान इसके पीछे था। भारत कनाडा को इस मामले से दूर रहने और उसकी अखंडता का सम्मान करने को कह रहा था, मगर कनाडा अपने ही अहंकार में मस्त था। धीरे-धीरे भारत में खालिस्तान की मांग दम तोड़ती गई। तब कनाडा और पाकिस्तान भगोड़ों और अपराधियों की शरणस्थली बन गए। वर्ष 2023 के मार्च में, कनाडा में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान-समर्थकों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त को तलब किया था। उसी वक्त पंजाब में भी खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही थी।

## मोदी व ट्रूडो वार्ता

नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत ने साफ़ संकेत दिए थे कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान-समर्थकों की गतिविधियों के ख़िलाफ़ कनाडा की प्रतिक्रिया से भारत असंतुष्ट है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कनाडा में चरमपंथियों की भारत-विरोधी गतिविधियां जारी रहने' को लेकर भारत की चिंताओं के बारे में जस्टिन ट्रूडो को जानकारी दी थी। उधर, जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, 'उन्होंने खालिस्तान चरमपंथ और 'विदेशी हस्तक्षेप' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई बार चर्चा की है। कनाडा हिंसा को रोकने के साथ-साथ नफरत को दूर भी करेगा।'

## जब ट्रूडो ने लगाए आरोप

सितंबर 2023 में कनाडा ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई में नई दिल्ली के इंटेलिजेंस चीफ को निष्कासित कर दिया। कनाडा के इस कूटनीतिक कदम से ओटावा और दिल्ली के बीच संबंधों में पहले से भी ज्यादा खटास आ गई। जनवरी 2024 में एक बार फिर कनाडा ने भारत को एक 'विदेशी खतरा' बताया और कहा कि वह संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत ने कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि कनाडा ही हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। अप्रैल 2024 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने कड़ा विरोध जताया। साथ ही कनाडा के राजदूत को तलब किया। **कनाडा को नुकसान** : भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते छात्रों के आव्रजन, व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर प्रभाव जरूर पड़ेगा। कनाडा में भारतीय छात्र कम जाएंगे या नहीं जाएंगे। इससे कनाडाई यूनिवर्सिटी को आर्थिक नुकसान होगा। ट्रेड भी प्रभावित होगा। दाल का आयात भारत ने बंद कर दिया है। भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत भी रोक दी गई है। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में और इजरायल व यूएई के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया।

'चुनावी रण'

इंडी गठबंधन मिलकर लड़ेगा चुनाव
13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान

### गठबंधन को अपने विकास कार्यों के बलबूते राज्य में सत्ता बरकरार रखने का भरोसा

# कांग्रेस और झामुमो झारखंड विधानसभा की 81 में से 70 सीट पर चुनाव लड़ेंगे : हेमंत सोरेन

**रांची (भाषा)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' आगामी विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेगा और कांग्रेस तथा झामुमो 81 में से 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। सोरेन ने कहा कि शेष 11 सीट के लिए गठबंधन सहयोगियों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वाम दलों के साथ सीट-बंटवारे पर बातचीत जारी है। झारखंड में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। सोरेन ने यहां गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक के बाद कहा, ''विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) झारखंड विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेगा। सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस और झामुमो राज्य विधानसभा की 81 में से 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे।'' सोरेन ने कहा कि सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है और उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। सोरेन ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन को अपने विकास कार्यों के बलबूते राज्य में सत्ता बरकरार रखने का भरोसा है। इस बीच, झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों के बीच दरार खुलकर सामने आ गयी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस द्वारा विधानसभा की 81 में से 70 सीट पर लड़ने की घोषणा को लेकर निराशा जताई।



### राजद ने कहा-हमारे सभी विकल्प खुले हुए हैं


राजद ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के दोनों घटकों द्वारा सीट समझौते की घोषणा 'एकतरफा' है। पार्टी ने स्पष्ट कि किया कि ''उसने सभी विकल्प खुले रखे हैं।'' राजद के प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने कहा, ''हम हमें दी गयी सीटों पर अपनी निराशा व्यक्त करते हैं। यह फैसला एकतरफा है।'' झा ने कहा, ''हमसे विचार-विमर्श नहीं किया गया। हमारे समक्ष सभी विकल्प खुले हैं।'' उन्होंने कहा कि राजद ने झारखंड में कम से कम 15 से 18 सीट की पहचान की है, जहां पर वह अकेले अपने दम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात दे सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजद ने सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से पांच पर वह दूसरे स्थान पर रही थी। उधर, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शुक्रवार को अपने सहयोगियों के बीच सीट-बंटवारे का 'फॉर्मूला' घोषित कर दिया था। भाजपा 68, आजसू पार्टी 10, जद(यू) दो और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड के 43 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई, जो 25 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इन क्षेत्रों में पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2019 में झारखंड विधानसभा में 47 सीट पर जीत दर्ज की थी, जिनमें झामुमो की 30 और कांग्रेस की 16 सीट शामिल थीं। भाजपा ने 25 सीट पर जीत दर्ज की थी।

## भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 66 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से टिकट दिया गया है। पार्टी महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सूची में शामिल प्रमुख नामों में पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी को धनवार, झामुमो छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला (आरक्षित), पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को जगन्नाथपुर (आरक्षित) और झामुमो नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को जामताड़ा से टिकट दिया गया है। भाजपा राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 68 पर चुनाव लड़ रही है तथा शेष सीट उसने अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हैं। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव में झारखंड से झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रही है।

■ भाजपा राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 68 पर चुनाव लड़ रही, शेष सीट उसने अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी

## संविधान पर हर तरफ से हमला किया जा रहा है: राहुल गांधी



**रांची (भाषा)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि संविधान पर हर तरफ से हमला किया जा रहा है और इसकी रक्षा की जानी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों की विरासत, इतिहास, परंपरा और चिकित्सा पद्धतियों को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमारी शिक्षा प्रणाली हमें मूल निवासियों के बारे में सिखाने में विफल रही। आदिवासियों, किसानों और ओबीसी का इतिहास नष्ट कर दिया गया।'' उन्होंने कहा कि नौकरशाही में शीर्ष 90 आईएएस अधिकारियों में केवल तीन ओबीसी हैं, जबकि वित्त मंत्रालय में कोई दलित, आदिवासी नहीं है। गांधी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया, लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया, क्योंकि वह एक आदिवासी हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और नौकरशाही को नियंत्रित करती है।

## पत्रकार गौरी लंकेश हत्याकांड का आरोपी मुख्यमंत्री शिंदे नीत शिवसेना में हुआ शामिल

**जालना (भाषा)।** पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले जालना में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गये। गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे। उन्हें अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था और इस साल चार सितंबर को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दी थी। अविभाजित शिवसेना द्वारा 2011 में टिकट नहीं दिए जाने पर पांगारकर दक्षिणपंथी हिंदू जनजागृति समिति में शामिल हो गये थे। वह शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की उपस्थिति में शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए।

## महायुति में शामिल दलों के बीच सीट बंटवारा एक-दो दिन में : शिंदे

**नई दिल्ली (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है



और एक या दो दिन में इस बारे में घोषणा की जाएगी। शिंदे ने उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ शुक्रवार देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, ताकि चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर महायुति में शामिल दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बीच मतभेदों को दूर किया जा सके। शिंदे ने यहां पत्रकारों से कहा, ‘‘कोई समस्या नहीं है। बातचीत सार्थक रही है और अंतिम चरण में है।’’ फडणवीस और पवार शनिवार सुबह महाराष्ट्र लौट गए, जबकि शिंदे कुछ बैठकों के लिए राष्ट्रीय राजधानी में ही रुक गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30-35 सीटों के बारे में अभी निर्णय लिया जाना है और यदि आवश्यक हुआ, तो भाजपा के प्रमुख चुनाव रणनीतिकार शाह के साथ एक बार फिर विचार-विमर्श किया जाएगा। सत्तारूढ़ गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किए जाने के बारे में पूछे गए सवालों को शिंदे ने टाल दिया। सत्तारूढ़ महायुति के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा, “हमने अपनी जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है।

## महाराष्ट्र में चुनाव लड़ने के लिए 12 सीट चाहती है सपा : अखिलेश

**धुले(महाराष्ट्र) (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उनकी पार्टी ने विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) से 12 सीट की मांग की है। हालांकि, गठबंधन द्वारा सीट



बंटवारे को लेकर समझौते की घोषणा की जानी अभी बाकी है। उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी ने पांच सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। उन्होंने कहा कि सपा एक ऐसी पार्टी है जो कुछ सीट के साथ संतुष्ट है। अखिलेश ने कहा, ''हमने (एमवीए के तहत) 12 सीट की मांग की है।'' उन्होंने कहा कि सपा ने उन सीट का विवरण साझा किया है जहां वह अपनी स्थिति मजबूत मानती है। सपा ने शनिवार को धुले शहर से इरशाद जहागीरदार को अपना उम्मीदवार घोषित किया। इसी के साथ पार्टी अब तक पांच उम्मीदवार उतार चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को भिवंडी पूर्व से मौजूदा विधायक रईस शेख, भिवंडी पश्चिम से रियाज आजमी और मालेगांव सेंट्रल से शान-ए-हिंद की उम्मीदवारी की घोषणा की। सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी शिवाजीनगर-मनखुर्द सीट से मौजूदा विधायक हैं। अखिलेश ने शुक्रवार को मालेगांव और शनिवार को धुले में रैली को संबोधित किया। अबू आजमी ने कहा, ''हमने पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है ताकि उन्हें (एमवीए को) पता चले कि हम यहां मजबूत हैं, वरना वे हमें बैठक में बताएंगे कि आपका उम्मीदवार बहुत मजबूत नहीं है।

खबर संक्षेप

### भाजपा हिमाचल के बारे में दुष्प्रचार कर रही : सुक्खू

**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को आरोप लगाया कि



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश की अर्थव्यवस्था के बारे में दुष्प्रचार कर रही है, जबकि राज्य सरकार इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुक्खू ने यह बात कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा-2024 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

### सलमान मंदिर में जाकर नहीं मांगेंगे माफी : सलीम

**मुंबई।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों के बीच पिता सलीम खान से साफ-साफ कहा है कि उनका बेटा सलमान खान कभी माफी नहीं मांगेगा। न वह बिश्नोई समाज के मंदिर में माथा टेकेगा। उन्होंने कहा कि सलमान ने कभी जानवरों का शिकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि धमकियां सिर्फ उगाही के लिए हैं। सलमान ने कभी भी कॉकरोच तक नहीं मारा। हम हिंसा में विश्वास नहीं रखते हैं। सलीम खान ने कहा कि लोग हमसे कहते हैं कि आप हमेशा नीचे जमीन पर देखते हैं। आप बहुत विनम्र हैं। मैं उनसे कहता हूं कि यह शर्म की बात नहीं है।

तैयारियों में जुटी पार्टी

## भाजपा ने 8 राज्यों में विस उपचुनाव के लिए 24 उम्मीदवार मैदान में उतारे

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 24 उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नाव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया गया है। नाव्या हरिदास कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी के सामने चुनाव लड़ेंगी। यह सीट कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई है। साथ ही पार्टी ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने 24 उम्मीदवारों की घोषणा की। भाजपा ने छत्तीसगढ़ की रायपुर शहर दक्षिण से सुनील सोनी को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हैं। भाजपा ने दीपक कुमार रॉय को सिताई से, राहुल लोहार मदारीहाट सीट से, नैहाटी से रूपक मित्रा, हरोआ से बिमल दास, मेदिनीपुर से शुबोजीत रॉय और तालडांगा से अनन्या रॉय चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया गया है।

## संपन्न हुआ भारत और अन्य भागीदार देशों के बीच जारी 'मालाबार' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

■ भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ हुई थीं शामिल

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच विशाखापट्टनम में जारी नौसैन्य युद्धाभ्यास 'मालाबार-2024' समाप्त हो गया है। इसमें भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ शामिल हुई थीं। नौसेना ने शनिवार को बताया कि 8 अक्टूबर से देश के पूर्वी तट पर इस सैन्य अभ्यास की शुरुआत की गई थी। इसमें बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरण आयोजित किए गए। पहला बंदरगाह चरण 14 अक्टूबर को समाप्त हो गया था और उसके बाद अब समुद्री चरण भी संपन्न हो गया है। जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और पनडुब्बी की एक साथ भागीदारी देखी गई। सभी ने सतह, उप-सतह और वायु युद्ध के क्षेत्र में जटिल और उन्नत अभ्यासों में हिस्सा लिया। नौसेना ने बताया कि युद्धाभ्यास के इस चरण में सतह से हथियार फायरिंग, एंटी एयर शूट, वायु रक्षा अभ्यास, पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास, जहाज से चलने वाले हेलिकॉप्टरों के व्यापक संचालन, टैंकरों से ईंधन भरने और समुद्री मार्गों पर अवैध गतिविधियों को रोकने और नियंत्रित करने वाली कार्रवाईयों सहित समुद्री युद्ध कौशल के विकास से संबंधित अभ्यास शामिल थे। युद्धाभ्यास का यह चरण एक ऐसे समय पूरा हुआ। जब विश्व बढ़ती हुई जटिल समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है।

### केंद्र पर विपक्ष ने बोला हमला

## सरकार किसान विरोधी, एमएसपी की कानूनी गारंटी जरूरी: कांग्रेस

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ सोयाबीन की फसलों पर समर्थन मूल्य कम से कम 6,000 रुपये निर्धारित किया जाए

कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के नाम पर रस्म अदायगी करने तथा किसानों के खिलाफ निर्णय लेने का आरोप लगाया और दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसान विरोधी है। कांग्रेस ने सरकार से यह आग्रह भी किया कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए तथा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के किसानों की सोयाबीन की फसलों पर समर्थन मूल्य कम से कम 6,000 रुपये निर्धारित किया जाए। पार्टी नेता अभय दुबे ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''सत्ता में आते ही मोदी सरकार के एक के बाद एक किसान विरोधी निर्णयों ने इस बात को चरितार्थ कर दिया कि 'किसान विरोधी नरेन्द्र मोदी'।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने केंद्र की सत्ता में आते ही जून, 2014 में किसानों को समर्थन मूल्य के ऊपर दिया जाने वाला 150 रुपये का बोनस बंद करा दिया। दिसंबर, 2014 से एक के बाद एक किसानों की जमीनों के उचित मुआवजा कानून को खत्म करने वाले तीन अध्यादेश लाए गए। उच्चतम न्यायालय में 6 फरवरी, 2015 को शपथ पत्र दिया कि किसानों को लागत के 50 प्रतिशत ऊपर समर्थन मूल्य नहीं दिया जा सकता, नहीं तो बाजार खराब हो जाएगा।

### किसानों पर कर्ज लगातार बढ़ रहा

कांग्रेस नेता ने कहा कि 28 फरवरी, 2016 को बरेली की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसानों की आमदनी 2022 तक दोगुना कर दी जाएगी, लेकिन किसानों की औसत आमदनी 27 रुपये प्रतिदिन और औसत प्रति किसान कर्ज 74 हजार रुपये हो गया है। उनके मुताबिक, फरवरी 2016 में मध्य प्रदेश के सीहोर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ की गई थी और बताया था कि विश्व की सबसे अच्छी बीमा योजना है। लेकिन इस योजना में 2016 से जून 2024 तक निजी कंपनियों ने 64 हजार करोड़ रुपये मुनाफा कमाया। दुबे ने कहा, '' कोविड की आपदा में जून, 2020 में कृषि विरोधी काले कानून अध्यादेश के रूप में लाए गए। मीडिया रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि नीति आयोग को इन कानूनों का मसौदा भारतीय मूल के एक अमेरिकी उद्योगपति ने सुझाया था।'

## उत्तर प्रदेश : मंदिर के निकट हैंडपंप का पानी पीने पर दलित की पिटाई

**भदोही (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में मंदिर के निकट एक हैंडपंप से कथित तौर पर पानी पीने को लेकर बुरी तरह से पीटने के लिए सात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अदालत के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज किया। भदोही की पुलिस अधीक्षक (एसपी) मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि घटना 26 जुलाई शाम पांच बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की पहचान अभिषेक गौतम (24) के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि कबड्डी खिलाड़ी अभिषेक नदी किनारे बने एक मंदिर पर लगे हैंडपंप का पानी पीने के बाद आराम करने बैठा था कि तभी आरोपियों ने उसे ये कहकर पीटना शुरू कर दिया कि उसने हैंडपंप का पानी पीकर उसे अछूत कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा बेरहमी से पिटाई करने पर कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर अभिषेक को बचाया। कात्यायन ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित को घटना की शिकायत करने पर कथित रूप से तेजाब फेंकने की धमकी भी दी।

■ पुलिस ने सात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया

## प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी से कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी के अपने दौरे के दौरान देशभर में 6,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई हवाई अड्डा परियोजनाओं समेत अनेक विकास कार्यों की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मोदी पवित्र नगरी में आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का भी उद्घाटन करेंगे, जो विभिन्न नेत्र रोगों से संबंधित व्यापक परामर्श और उपचार प्रदान करेगा। मोदी लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार और नए टर्मिनल भवन के निर्माण तथा संबद्ध कार्यों की आधारशिला रखेंगे, जिसकी कुल लागत लगभग 2,870 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि वह आगरा हवाई अड्डे पर 570 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से, दरभंगा हवाई अड्डे पर लगभग 910 करोड़ रुपये की लागत से तथा बागडोगरा हवाई अड्डे पर लगभग 1,550 करोड़ रुपये की लागत से नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री रीवा, अंबिकापुर और सहारनपुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का उद्घाटन करेंगे।

■ आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का भी उद्घाटन करेंगे पीएम

## असम सरकार 129 'बील' का पुनरुद्धार करने के लिए 800 करोड़ खर्च करेगी

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार मत्स्यपालन को बढ़ावा देने तथा जल भंडारण में सहयोग करने के वास्ते 129 'बील' (झील जैसी आर्द्रभूमि) के पुनरुद्धार के लिए 800 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू करेगी। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' जारी पोस्ट में कहा, '' एशियाई विकास बैंक के साथ मिलकर शुरू की जाने वाली इस परियोजना के तहत 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले 'बील' का पुनरुद्धार किया जाएगा जिससे मत्स्यपालन एवं जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि 'बील' असम के जल संसाधनों की रीढ़ हैं जिससे बाढ़ उपशमन, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह विनियमन, भूमि के कटाव को नियंत्रित किया जाता है और ये मत्स्य पालन के स्रोत भी हैं। उन्होंने कहा कि 'बील' के पुनरुद्धार से सालाना 1,200 किलोग्राम/हेक्टेयर अतिरिक्त मछली उत्पादन होगा। इस परियोजना का लक्ष्य 'बील' की जल भंडारण क्षमता बढ़ाना तथा मछली की देसी प्रजातियों का संरक्षण एवं प्रबंधन करना है।

■ मत्स्यपालन एवं जल प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

### शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम

# 'व्यावसायीकरण' से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई: धनखड़

भाषा ▶▶| जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में निवेश भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश करने जैसा है। धनखड़ यहां सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान के समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, “शिक्षा के व्यावसायीकरण ने उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम



था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है।”

### सुपर नॉलेज पावर होने चाहिए

*आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, “शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दें। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे।” उन्होंने कहा, “हमारा संकल्प होना चाहिए कि जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने तब हम दुनिया की 'सुपर नॉलेज पावर' होने चाहिए।” उपराष्ट्रपति ने व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और व्यवसाय जगत में लोगों से अपील करते हुए उनसे संस्थानों के विकास में उदारतापूर्वक योगदान देने की बात कही।*

### आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता

*उन्होंने कहा, “शिक्षा में निवेश हमारे भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश है।”धनखड़ ने कहा, “आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।” उपराष्ट्रपति ने कहा, “आज भारत का विश्व में बहुत महत्व है। आज, भारत की आवाज वैश्विक स्तर पर पहले से कहीं अधिक बुलंद है। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को यह धारणा और निष्ठा रखनी चाहिए कि हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना है। हर परिस्थिति में हमें राष्ट्र को पहले रखना चाहिए।” उन्होंने कहा कि राजनीतिक, व्यक्तिगत या आर्थिक हितों को राष्ट्र के ऊपर नहीं रखना चाहिए और यह हमारा दायित्व है कि हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को निष्क्रिय करें।*

रक्षा मंत्री ने जताई चिंता

## प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल से निपटने को तैयार रहना होगा : राजनाथ

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में “रणनीतिक लाभ” हासिल करने के लिए समीक्षात्मक चिंतन करने का शनिवार को आह्वान किया और कहा कि दुश्मन के तकनीकी उपकरणों तथा प्रौद्योगिकियों का“हथियार” के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, “ड्रोन और स्वचालित वाहन से लेकर कृत्रिम मेधा (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेज गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन प्रौद्योगिकियों को समझना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए।” रक्षा मंत्री ने अधिकारियों ने रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## ईरान ने की हत्या की कोशिश, लेबनान ने दागे 3 ड्रोन

# पीएम नेतन्याहू के घर पर किया हमला, बाल-बाल बचे परिवारजन

*इजराइल ने लगाया बड़ा आरोप*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हुए हमले के लिए इजराइल ने ईरान को दोषी ठहराया है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोप लगाया है कि ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की है। शुक्रवार सुबह हुए इस हमले में हिज्बुल्लाह ने तीन ड्रोन लॉन्च किए थे। इजराइल की सेना (आईडीएफ) के मुताबिक, इन ड्रोन में से दो को मार गिराया गया, जबकि एक ने प्रधानमंत्री आवास के पास की इमारत को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के घर की तरफ एक यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) लॉन्च किया गया था। प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली सुरक्षा बलों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि ड्रोन एक खुले इलाके में गिरा जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना दक्षिणी हाइफ़ा के कासेरिया में हुई। आईडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल इजराइल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**खास बातें**

- एक ड्रोन पीएम के पड़ोस के घर पर गिरा
- हमले में कोई हताहत नहीं



**गाजा में 11 लोगों की मौत**

इजराइल द्वारा गाजा में किए गए हमले में तीन बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ घंटे पहले किए गए एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए थे। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि इजराइल ने शनिवार सुबह मध्य गाजा में मघाजी शरणार्थी शिविर पर हमला किया।

### सुरंगों को निशाना बना रहा इजराइल

गाजा में हमास के भूमिगत ठिकानों पर पिछले एक साल से हमला कर रही इजराइली सेना अब दक्षिणी लेबनान में चरमपंथी समूह हिजबुल्ला की भी सुरंगों और उसके अन्य ठिकानों को निशाना बना रही है। इजराइली सेना ने पिछले दो हफ्तों से दक्षिण लेबनान के घने जंगलों में तलाश अभियान के दौरान एक सुरंग प्रणाली का पता लगाया, जिसमें हथियारों का जखीरा और रॉकेट लॉन्चर हैं। इजराइल का दावा है कि ये सुरंगें आस-पास के समुदायों के लिए सीधे खतरे का कारण बन सकती हैं।

### दो ड्रोन को रोका

*आईडीएफ के अनुसार, लेबनान से हाइफ़ा की तरफ तीन ड्रोन आए, जिनमें से केवल दो का पता चल सका और उन्हें रोक दिया गया। तीसरे ड्रोन ने कासेरिया में एक इमारत पर सटीक हमला किया। धमाका बहुत तेज था।*

### नहीं मिली कोई वार्निंग

*बताया जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजराइल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है।*



## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा, एलजी ने प्रस्ताव किया मंजूर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीएम उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र शासित प्रदेश जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि, गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी।

## सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 2024 को कर्मयोगी सप्ताह नेशनल लर्निंग वीक का शुभारंभ किया। 25 अक्टूबर तक चलने वाला यह इवेंट सुबह 10.30 बजे नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुआ। इसमें 30 लाख से ज्यादा सिविल सर्वेंट हिस्सा लेंगे। यह आयोजन सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

### पर्सनल और ऑर्गेनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा मिलेगी

सितंबर 2020 से शुरू हुए मिशन कर्मयोगी का मकसद सिविल सर्वेंट्स के लिए पर्सनल और ऑर्गनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा देना है। इस दौरान, हर कर्मयोगी 4 घंटे की लर्निंग में हिस्सा लेगा। इसका लक्ष्य एक सरकार का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन लर्निंग को बढ़ावा देना है।

### मिशन कर्मयोगी का लक्ष्य

मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित लर्निंग वीक का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को कुशल बनाना है, ताकि देश की कुशलतापूर्वक सेवा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि हो। स्किल बेस्ड लर्निंग के जरिए यह पहल एक गतिशील और भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने, भारत के विकास को बढ़ावा देने और शासन को बदलने पर केंद्रित है। मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है। इस दौरान, मंत्रालय, विभाग और संगठन क्षेत्र-विशिष्ट दक्षताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

## आमरण अनशन स्थल पर डॉक्टरों से मिले सीएस और ममता ने की अनशन खत्म करने की अपील

**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रबर्ती ने मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों से फोन पर बात की। उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म करने की अपील की। साथ ही कहा वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी। दरअसल जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे 6 चिकित्सकों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। मौजूदा समय में एस्पलेनेड क्षेत्र में अनशन कर रहे 8 चिकित्सकों ने राज्य सरकार ने 21 अक्टूबर तक मांगों पर गौर करने की मांग की है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पुलिस थाने पर किया हमला, गोलीबारी की, जलाए 3 घर



**इंफाल(एजेंसी)।** मणिपुर में एक बार फिर कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष के बीच हिंसा की घटना सामने आई है। ताजा घटना जिरीबाम जिले में हुई। जहां बोरोबेकेरा पुलिस स्टेशन पर हमला करने के बाद सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा है कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने तीन मैतेई घरों को जला दिया। विस्फोटकों से घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से तड़के करीब पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी भी की। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

